वर्ष- 21 अंक - 328 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, गुरुवार 14 मई 2026

## डेढ़ करोड़ के गहने लेकर सेल्स गर्ल फरार

**अहमदाबाद.एजेंसी।** अहमदाबाद के निकोल इलाके में ज्वैलरी शोरूम की सेल्स गर्ल 1.66 करोड़ रुपए के सोने के गहने लेकर फरार हो गई। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। अब पुलिस आरोपी लड़की की तलाश में जुटी है।




**नई दिल्ली ● एजेंसी**

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक भारत ने घरेलू कीमतें काबू में रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने कच्ची, सफेद और रिफाइंड चीनी के निर्यात पर सितंबर 2026 तक रोक लगा दी है। कमजोर गन्ना पैदावार और अल नीनो के असर की आशंका के बीच लिए गए इस फैसले से वैश्विक बाजार में चीनी की कीमतें तुरंत चढ़ गईं। भारत द्वारा निर्यात पर प्रतिबंध के ऐलान के बाद न्यूयॉर्क में कच्चे चीनी के वायदा भाव में 2 प्रश से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि लंदन में सफेद चीनी के वायदा भाव में 3 प्रश की उछाल आया।



## खत्म होगी एलपीजी की किल्लत

**होगी बड़ी डील**

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी 15 से 20 मई तक पांच देशों यूएई, नीदरलैंड्स, स्वीडन, नॉर्वे और इटली के दौरे पर जा रहे हैं जिसकी शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा से हो रही है। मोदी यूएई में राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नाहयान से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि मुलाकात के दौरान दोनों नेता ऊर्जा सुरक्षा पर प्रमुखता से बात करेंगे। इस दौरान लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से जुड़े दो अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हो सकते हैं जिससे भारत में एलपीजी की किल्लत खत्म हो जाएगी।

## होर्मुज से सुरक्षित निकला भारत का एलपीजी टैंकर

**गुरुवार.एजेंसी। भारतीय नौसेना और कई सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर एलपीजी टैंकर एमवी सनशाइन को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। यह जहाज फारस की खाड़ी से भारत की ओर आ रहा है और इसे सुरक्षित मार्ग प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सहायता दी जा रही है। ये 15वां एलपीजी जहाज है, जिसे पिछले कुछ वक्त में फारस की खाड़ी से सफलतापूर्वक निकाला गया है।**

## बंगाल के स्कूलों में अब वंदे मातरम अनिवार्य, दुर्गा पंडालों में कमल और शुभेंदु के पोस्टर

**कोलकाता ● एजेंसी**

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम' गाना अनिवार्य कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कक्षाएं शुरू होने से पहले सभी छात्र 'वंदे मातरम' गाएं। इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश दिए गए हैं। इस बीच बंगाल में सत्ता बदलते ही दुर्गा पंडालों का रंग भी बदल गया। अब दुर्गा पंडालों और पूजा समितियों में ममता की जगह कमल और नए मुख्यमंत्री शुभेंदु के पोस्टर लगने लगे हैं।

### ममता पहुंची हाईकोर्ट

इधर चुनाव हारने वाली ममता बनर्जी आज सुबह हाईकोर्ट पहुंची। चुनाव के बाद हुई हिंसा के संबंध में आज हाईकोर्ट में सुनवाई होना है इसीलिए ममता यहां पहुंची।

## आंधी-तूफान ने ली 96 जान

### दर्जनों मवेशी भी मारे गए, पेड़, मकान और खंभे गिरे

**गुरुवार ● एजेंसी**

उत्तर प्रदेश में तेज आंधी-तूफान, बारिश और बिजली ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण दर्जनों पेड़ उखड़ गए जिससे कई गाड़ियां और मकान दब गए। बड़ी तादाद में बिजली के खंबे गिरने से बिजली गुल हो गई। रेलवे लाइन की ओएचई क्षतिग्रस्त होने से 22 ट्रेनें फंस गईं। कई मकान जमींदोज हो गए तो कई घरों की दीवारें गिर गईं। इस आंधी-तूफान और बिजली गिरने के कारण हुए हादसों में करीब



96 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

भदोही में 18, मिर्जापुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6 लोगों की मौत हुई। उत्तरप्रदेश के भदोही में 16 मवेशियों की जान चली गई। राजस्थान के रामगढ़ में 7 गायें और 19 बैल मारे गए। महाराष्ट्र के सतारा में 22 भेड़ों की मौत हो गई।

## जिनपिंग ने ट्रंप को पढ़ाया 'ग्लोबल लीडरशिप' का पाठ, बोले- हम दुश्मन नहीं, पार्टनर बनें



**बीजिंग ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दो दिवसीय चीन दौरे पर हैं, जहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल के बाहर उनका जोरदार स्वागत किया। चीनी नेता शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीपुल्स ग्रेट हॉल के अंदर बैठकर अपनी द्विपक्षीय बैठक से पहले प्रारंभिक भाषण दिए। शी जिनपिंग ने अपने संबोधन में ट्रंप को ग्लोबल लीडरशिप का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि हम दुश्मन नहीं, पार्टनर बनें।

ट्रंप ने चीन दौरे के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि शी जिनपिंग एक महान नेता हैं और उनका दोस्त होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने मीटिंग में चीनी सेना की भी तारीफ की और कहा कि इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता

## अखिलेश और अपर्णा के बीच बंद कमरे में हुई बात

### *प्रतीक यादव को दी अंतिम विदाई*

**लखनऊ.एजेंसी।** अखिलेश यादव के भाई और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार आज सुबह लखनऊ के बैकुंठ धाम में किया गया। इस मौके पर सपा, भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बड़ी तादाद में मौजूद थे। प्रतीक यादव की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई थी। बताया जाता है कि फेफड़ों की नस में खून का थक्का जमने के कारण उनके दिल और फेफड़ों ने काम करना बंद कर दिया था। उनके शरीर पर पुरानी चोट के निशान भी मिले हैं। प्रतीक यादव के निधन के बाद यादव परिवार गहरे सदमे में है। असम से लौटते ही अपर्णा यादव सीधे लखनऊ स्थित आवास पहुंचीं, जहां कुछ देर बाद अखिलेश यादव भी पहुंचे। दोनों के बीच बंद कमरे बातचीत हुई। पूरा परिवार एक साथ दिखाई दिया।

## न्यूज़ ब्रीफ...



## अस्पताल में मिला बम, मचा हड़कंप

**पुणे.एजेंसी।** पुणे के हडपसर इलाके में एक प्राइवेट हॉस्पिटल के अंदर कम तीव्रता वाला विस्फोटक मिला। यह बम जैसी ही डिवाइस थी जिसे अस्पताल के बॉशरूम में रखा गया था। डिवाइस में कुछ तार थे जो टाइमर से जुड़े थे। टाइमर को 7 घंटे के लिए सेट किया गया था। बम स्कॉड की एक टीम तुरंत मौके पर भेजी गई। विस्फोटक को बाहर मैदान में लाकर डिफ्यूज किया गया।

## बस में महिला के साथ गैंगरेप

**नई दिल्ली.एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एक स्लीपर बस में एक महिला के साथ गैंगरेप ने फिर निर्भया कांड की याद ताजा कर दी। यहां शादीशुदा और 3 बच्चों की मां ने जब बस के ड्राइवर-कंडक्टर से समय पूछा तो इन दोनों ने महिला को पकड़कर बस के अंदर खींच लिया और फिर महिला के साथ दोनों ने गैंगरेप किया। महिला का मेडिकल करवाने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## बंगाल में अब पशुवध पर भी रोक

**कोलकाता.एजेंसी।** बंगाल की नई भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी अब बूचड़खानों को लेकर भी सख्त हो गए हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से पशुवध पर रोक लगा दी है। सरकार के आदेश में कहा गया कि बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के गाय और भैंस का वध नहीं किया जा सकता।



## 61 साल की महिला ने पास की 10वीं की परीक्षा

**जालंधर.एजेंसी।** पंजाब के जालंधर की 61 वर्षीय नरेंद्र कौर ने दसवीं कक्षा की परीक्षा पास कर मिसाल कायम की है। दो पोतों की दादी ने शहीद भाई तारा सिंह खालसा ओपन स्कूल से 650 में से 500 अंक हासिल किए। उनके बेटे अमेरिका और कनाडा में रहते हैं।

# ओदीच्या ब्राह्मण समाज ट्रस्ट का मामला एसडीएम तक पहुंचा

## ट्रस्ट पूरी तरह वैध, बेवजह आपत्तियां लगा रहे कुछ लोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर स्थित पंडित मुकुंदराम त्रिवेदी ओदीच्या ब्राह्मण समाज ट्रस्ट को लेकर लगातार शिकायतें हो रही है। ओदीच्या ब्राह्मण समाज ट्रस्ट के छात्रावास को लेकर चल रहा विवाद अब प्रशासनिक स्तर पर निर्णायक दौर में पहुंच गया है। बुधवार को ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी और समाजजनों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर से मुलाकात कर ट्रस्ट का पक्ष रखा। खासतौर से छात्रावास मामले में ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी और कहा कि 'वर्तमान ट्रस्ट पूरी तरह वैध है। बेवजह



आपत्तियां लगा रहे कुछ लोग। इस मामले में एसडीएम ने सुनवाई भी की और मामला 29 मई को फिर सुनवाई के लिए रख दिया। उल्लेखनीय है कि कुछ लोगों द्वारा ट्रस्ट की वैधता को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं, जबकि उनका कोई आधार नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मामले में निष्पक्ष निर्णय की मांग की। सूत्रों के अनुसार, एसडीएम कार्यालय में हुई चर्चा के दौरान दोनों पक्षों से जुड़े दस्तावेजों और दावों पर विचार किया गया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले तहसीलदार कार्यालय द्वारा ट्रस्ट से संबंधित शिकायतों की जांच कर प्रतिवेदन एसडीएम कार्यालय को भेजा गया था। जांच में ट्रस्ट संचालन, नए ट्रस्टियों की नियुक्ति, कोचिंग संस्थान संचालन और वित्तीय लेनदेन से जुड़े तथ्यों का उल्लेख किया गया था। इसी कड़ी में ट्रस्ट प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष मजबूती से रखते हुए कहा, कि ट्रस्ट का संचालन नियमों के अनुरूप किया जा रहा है तथा समाजहित में गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेश ठक्कर, सचिव राकेश पटेल, जितेंद्र त्रिवेदी, अरुण जोशी और महेश मेहता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं समाज के वरिष्ठजन सुभाष पंड्या, महेश पटेल, ओम ठक्कर, पप्पू व्यास, सुभाष शर्मा, अंतर सिंह पंड्या, कैलाश पांडे, भगवान शर्मा तथा ब्राह्मण समाज के युवा समाजसेवी अभिलेश ठक्कर भी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इसके अलावा छोटू जोशी, अरविंद पटेल, योगेश पटेल, हितेश जोशी, नंदू पटेल, गब्बर शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन और ट्रस्ट समर्थक मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से समाज में भ्रम की स्थिति समाप्त कर जल्द निर्णय लेने की मांग भी की।

## सौगात देने आए विधायक को पहना दी मोटी फूलमाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




राऊ विधानसभा के धार रोड स्थित श्रीराम तलावली में विकास कार्य के अन्तर्गत 45 लाख की लागत से सड़क निर्माण को लेकर भूमिपूजन करने पहुंचे मधु वर्मा का मंच से भाजपाइयों ने स्वागत किया। मोटी फूलमाला पहनाई। दिलीप पटेल, रामस्वरूप गेहलोत, सुरेन्द्र सोलंकी और पंचायत प्रतिनिधि के अलावा रहवासी भी मौजूद रहे।



## विजयवर्गीय ने की गुरु रविशंकर से मुलाकात

**इंदौर।** गुरु श्रीश्री रविशंकर के जन्मोत्सव पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने परिवार के साथ बैंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन परिसर पर पहुंचकर संत को बधाई भी दी।

## भाजपा नेता सचान बने समन्वयक

### धार के भूपेन्द्र गुर्जर को भी मिला मौका

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पिछड़ा वर्ग भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग चैंबर द्वारा संगठन के विस्तार एमएसएमई सशक्तिकरण एवं जिला स्तर पर उद्यमियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में नए जिला समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। अलग-अलग जिलों से अलग-अलग समन्वयक बनाए गए है। इसमें इन्दौर से भाजपा नेता आदर्श सचान को जिला समन्वयक बनाया गया है।



क्षितिज मौर्य जबलपुर, उमेश पटेल नरसिंहपुर, हरिओम पाटीदार धार, भूपेंद्र गुर्जर आगर मालवा, विक्रम सुलाखिया छिंदवाड़ा, जगदीश चंद्र सोलंकी देवास, भगवान पटेल नर्मदापुरम, विजय सिंह मैहर, हेमराज गुर्जर विदिशा, जितेंद्र चौरसिया रीवा, भगवान सिंह नागपुरे बालाघाट, हरि किसान साहू शहडोल, रामस्वरूप शिवहरे अशोकनगर, अखिलेश यादव भिंड को नियुक्त किया गया है। सभी समन्वयक अपने-अपने जिले में उद्योग, व्यापार, एमएसएमई, कृषि, निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही स्थानीय उद्यमियों की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को शासन एवं प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा बीआईसीसीआई को राज्य स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड में अशासकीय सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी क्रम में जिला स्तर पर भी बीआईसीसीआई की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे ओबीसी एवं एमएसएमई उद्यमियों को संस्थागत प्रतिनिधित्व प्राप्त हो सके।



## भाजपा व्यापारी पदाधिकारी हर समय रहेंगे उपलब्ध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मालवांचल श्रीनागर चित्तोड़ा वैश्य महाजन समाज केन्द्रीय समिति के आयोजन में पहुंचे भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ ने वैश्य समाज के सभी घटकों को जोड़कर काम जारी कर रखा है। इसी लिए भाजपा और प्रकोष्ठ पर व्यापारियों का विश्वास बना हुआ है। सरकार हर तरह से व्यापारी बंधुओं एवं वैश्य समाज के लिए भयमुक्त वातावरण और कारोबारी बंधुओं के लिए बिना किसी दबाव के व्यापार करने का पर्यावरण बना रही है। मालवांचल चित्तोड़ा समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में धीरज खंडेलवाल का सम्मान भी किया गया। वेदपाठी बटुकों ने मंत्रोच्चार भी किए। समाज के राजेन्द्र महाजन, गोपाल मेहता, गिरधर गुप्ता, रमेश महाजन, बृजमोहन गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, गिरीश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, दिलीप गुप्ता, प्रो. रुपेश कुम्भज, अर्पित महाजन मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी ने मांगा लीक पेपर पर इस्तीफा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आम आदमी पार्टी ने नीट पेपर लीक होने पर भोलाराम उस्ताद मार्ग मेन गेट के सामने विरोध प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने की मांग करते हुए इस्तीफा भी मांगा। आप पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बार नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर लीक हुआ है, इससे युवा छात्रों में आक्रोश है। इस पेपर में कहीं न कहीं भ्रष्टाचार हुआ है जिससे 22 लाख छात्रों का भविष्य अंधकार में डूब गया है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर इस परीक्षा की तैयारी की थी। प्रदर्शन में आप के कमल गुप्ता, अनुराग यादव,




प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की और कहा कि देशभर के होनहार 22 लाख मेडिकल विद्यार्थियों का भविष्य बिगाडने का काम किया गया। आप नेताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार के कार्यकाल में कई संजीव वेद, इंद्र विक्रमसिंह,रमेश मंगलानी, कमलेश मालवीय, डॉ. अब्बासी, अशफाक खान, संदीप शर्मा, कैलाश रोकडे, मोहम्मद अशफाक, राकेश उपलावदियासी सहित अन्य मौजूद थे।

## नीट पेपर लीक पर जलाया पुतला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण 20 लाख से अधिक परीक्षार्थियों को अब फिर से परीक्षा देना होगी। इस महत्वपूर्ण पेपर के लीक होने में दोषी अधिकारियों का पुतला जलाया गया और उन पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। यादव ने कहा कि पेपर लीक में अधिकारियों की नाकामी है वहीं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है उन्होंने लम्बे समय से मेहनत त्याग और जो सपना संजोया था उसके साथ कुठाराघात किया गया है। पहले भी पेपर बेचने का काम माफियाओं ने किया है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पेपर लीक कैसे हो जाते हैं यह सब भ्रष्टाचार का खेल है और सजा विद्यार्थी पाते हैं।

## महापौर ने अपने गृह क्षेत्र सुदामा नगर की समस्या का किया निदान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



सुदामा नगर के रहवासियों की वर्षों से चली आ रही ड्रेनेज समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्रेनेज लाइन का कार्य युद्धस्तर पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय से हो रही परेशानी से जल्द निजात मिल सके। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद भी उपस्थित रहे।

# जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पद के लिए रस्साकशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

## सांसद और विधायक के बीच विधानसभा चुनाव के बाद अब नियुक्ति पर तकरार, चारों विधानसभा से हैं दावेदार वर्तमान अध्यक्ष भी फिर से चाहती है अध्यक्ष बनना

जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष को लेकर जिले की महिला सांसद और महिला विधायक के बीच राजनीतिक रस्साकशी चल रही है, जिससे अंदरुनी खींचतान भी दिखाई दे रही है। मिली जानकारी के मुताबिक राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और विधायक उषा ठाकुर यूं तो दोनों ही एक ही विधानसभा आम्बेडकर नगरी महू से संबंधित है। इसी कारण दोनों के बीच राजनीतिक मतभेद भी नजर आते हैं। पहले से राजनीतिक रस्साकशी चल रही है, जो अब संगठनात्मक नियुक्त जिसमें जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पद को लेकर उस तक पर दिखाई देने लगी है। दोनों ही महू विधानसभा से अपने समर्थकों को काबिज कराना चाहती हैं, जबकि जिले में चार विधानसभा लगती है। अन्य तीन विधानसभा में पुरुष विधायक है, जिनमें एक मंत्री भी है। एक ही विधानसभा से महिला मोर्चा में दबाव बनाया गया और इधर तीन विधायकों में भी अपने समर्थक बन जाए इसके प्रयास हैं। इन्हीं मुद्दों पर अब प्रदेश संगठन भी महू के अलावा तीन अन्य विधानसभा पर भी निगाह रखे हुए हैं कि किसी नए को बना दिया जाए, जिससे विवाद की स्थिति पैदा ना हो। सूत्रों का यह भी कहना है कि एक ही विधानसभा से होने के कारण सांसद कविता पाटीदार और विधायक उषा ठाकुर के बीच सियासी टकराव चल रहा था, जो अब जिला महिला अध्यक्ष को लेकर सामने दिखाई देने लगा है, उससे भाजपा की अंदरुनी खींचतान भी दिखाई देने लगी है। विधायक उषा ठाकुर अपनी विधानसभा में पहले से ही हस्तक्षेप पसंद नहीं करती है, चाहे विधानसभा 1 हो, 3 हो या महू हो। कुछ लोग विधानसभा चुनाव को लेकर भी इन दोनों भाजपा नेत्रियों के बीच राजनीतिक रस्साकशी को देखते हैं। बताया जा रहा है कि सांसद जहां माया पटेल गुर्जर का समर्थन कर रही है, वहीं उषा ठाकुर सीमा पटेल को जिला महिला मोर्चा की जिम्मेदारी दिलाना चाहती है। जबकि अन्य दावेदारों में वर्तमान अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी भी फिर से अध्यक्ष बनना चाहती है। वहीं महू के अलावा समीप के राऊ से किरण सूर्यवंशी, शारदा कुशवाह, सांवेर से पूजा यादव और देपालपुर से हेमलता डांगर और पूजा मंडोवरा का नाम भी अध्यक्ष की दौड़ में सामने आ रहा है। भाजपा संगठन चारों विधानसभा क्षेत्रों का संतुलन बनाना चाहता है। सामाजिक गणित भी संगठन देख रहा है।

# माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र में चुनावी रण शुरू

**कल के बाद आज भी मिल रहे हैं नामांकन फार्म, कल होंगे जमा**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर माहेश्वरी समाज जिला सभा के 9 क्षेत्रों में 7 जगह करीब-करीब निर्विरोध चुनाव हुए थे। वहीं बिजासन क्षेत्र में हर जगह घमासान मचा था। वहीं पूर्वी क्षेत्र में भी परम्परागत घमासान इस बार भी जारी है। चुनाव को लेकर पहले भी नामांकन प्रक्रिया हो चुकी है। शिकायत के बाद फार्म निरस्त किया जाना था, लेकिन चुनाव ही निरस्त कर दिए गए थे। अब नए चुनाव प्रभारी दो बनाने के बाद पुराने मुख्य चुनाव अधिकारी से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। कल सुबह और शाम नामांकन पत्र दिए गए, इनमें कार्यकारी मंडल के लिए करीब 119 और पदाधिकारियों के लिए 19 फार्म गए थे। आज सुबह से फिर फार्म मिलने की प्रक्रिया शुरू हुई, जो शाम तक जारी रहेगी। कल नामांकन दाखिल करने का क्रम रहेगा। इधर दो पैनल आमने-सामने है। अध्यक्ष में सीपी हेड़ा और राजेश सोमानी के बीच मुकाबला होगा। पुराने एक पैनल के उपाध्यक्ष को दूसरी पैनल ने तोड़ लिया है। इसके अलावा भी पदों में परिवर्तन और तोड़फोड़ की बात कही जा रही है। चुनाव की प्रक्रिया हिन्दी साहित्य समिति मानस भवन आरएनटी मार्ग पर की जा रही है।

# 60 फीट रोड निर्माण का भार्गव और वर्मा ने किया शुभारंभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आज सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, पार्षद प्रशांत बड़वे की मौजूदगी में प्रगति नगर में 60 फीट रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। वहीं महापौर ने यह भी घोषणा की है कि वे कल सहित हर शुक्रवार को दो पहिया वाहन पर भ्रमण करेंगे, जिसकी शुरूआत कल से हो रही है।









## विधायक के गृह क्षेत्र में पानी की कमी पर अधिकारी का दौरा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक मालिनी गौड़ के गृह क्षेत्र वार्ड 69 के लोधीपुरा में पानी की कमी को लेकर पार्षद पति रामबाबू राठौर ने आज सुबह निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक का दौरा लोधीपुरा गली नं. 3 में करवाया, जहां पानी की कमी थी, रहवासियों से संवाद भी किया गया। जल्द ही पानी की समस्या हल करवाई जाएगी, जिसके प्रयास पार्षदपति रामबाबू राठौर ने किए।**

# कांग्रेस के पुराने प्रवक्ताओं को भी देनी पड़ी परीक्षा

## कल दूसरे दिन भी जारी रहा टेलेंट हंट का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ताओं की परीक्षा कल हुई उसके एक दिन पहले प्रदेश स्तर के लिए प्रवक्ताओं के लिए इंटरव्यू किए गए थे। लगातार प्रदेश प्रवक्ता बन रहे वरिष्ठ नेताओं में से कुछ ने कल इंटरव्यू नहीं दिए और कहा कि हम सालोंसाल से प्रवक्ता है अब हमारे इंटरव्यू नहीं होना चाहिए। बड़ी संख्या में दो दिनों में इन टेलंट हंट इंटरव्यू में परीक्षा देने कई कांग्रेस नेता भोपाल पहुंचे थे। कई नए, तो कई पुराने प्रवक्ता दो दिन तक भोपाल में अपनी परीक्षा देते रहे। इस टेलंट हंट के बाद मीडिया टीम के पुनर्गठन के संकेत मिले हैं। इन सभी का चयन पूर्व में जिला स्तर पर हुआ था और दो दिनों से प्रदेश भर से चयनीत प्रतिभागी कांग्रेसियों ने और पूर्व से कार्यरत प्रवक्ताओं ने इंटरव्यू दिए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ताओं के अलावा मीडिया रिसर्चर, मीडिया कोऑर्डिनेटर, सोशल मीडिया टीम और पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर जैसे पदों के लिए भी प्रतिभाओं की तलाश की गई। प्रदेश के अलावा एआईसीसी मीडिया को-ऑर्डिनेटर भी पैनल में मौजूद रहे। कल अलग इंटरव्यू भी हुए, जिनमें प्रदेश के प्रवक्ताओं को राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता और संगठन में जिम्मेदारी मिल सकती है यह भी देखा गया। इंदौर से अमित चौरसिया, प्रमोद द्विवेदी, आनंद जैन कासलीवाल, हर्ष जैन, हिमानी सिंह, नीलाभ शुक्ला तथा पार्षद फ़ौज़िया शेख अलीम ने आवेदन किया था। नए प्रतिभागियों में शेख शाकीर, सन्नी राजपाल, विशाल शर्मा, अभिषेक, महक ने भी शिरकत की थी। प्रदेश कांग्रेस का मानना है कि बदलते राजनीतिक और डिजिटल दौर में पार्टी को ऐसे युवा और वैचारिक रूप से मजबूत चेहरों की जरूरत है जो टीवी डिबेट, सोशल मीडिया, रिसर्च और जनसंपर्क के मोर्चे पर प्रभावी ढंग से पार्टी का पक्ष रख सकें। पार्टी नेतृत्व इसे भविष्य की मीडिया रणनीति का अहम हिस्सा मान रहा है।

# जल समस्या पर कल कांग्रेस का 22 झोन और अपरायुक्त का घेराव

**कल भी दूसरे दिन हुई बैठक, आज क्षेत्रों में बैठक, पहले झोन का घेराव फिर सारे कांग्रेसी पहुंचेंगे निगम अपर आयुक्त कार्यालय घेरने**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने शहर के 85 वार्डों और 22 झोन के अन्तर्गत आ रही जल समस्या को लेकर कल 15 मई को 22 झोन और जल से संबंधित अपर आयुक्त के घेराव का ऐलान किया है। कांग्रेसी पहले अपने-अपने झोन पर सुबह एक घंटे ज्ञापन, प्रदर्शन, धरना देंगे और फिर यहां से सभी कांग्रेसी निगम कार्यालय पहुंचकर वहां अपर आयुक्त कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करेंगे और पानी दो...पानी दो...की गूंज गुंजाएंगे। कांग्रेस ने इन 22 झोन और अपर आयुक्त के घेराव को लेकर रणनीति भी बनाई है। लगातार दो दिनों तक कांग्रेस ने 11-11 झोन से जुड़े ब्लॉक, मंडलम, शहर, प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की। इन दो दिनों की मैराथान बैठक में पदाधिकारियों को निर्देशित करने के साथ यह भी कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घेराव को लेकर बैठक करें। बूथ स्तर के कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और आम नागरिकों को भी इससे जोड़े, जिनकी कल बैठक थी और वे आज अपने क्षेत्रों में बैठक कर रहे हैं।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 4 पर भी

# कांग्रेस के युवाओं की बैठक में शामिल होंगे वानखेड़े

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा युवाओं को संगठनात्मक ढांचे में मजबूती से जोड़ने और भविष्य की राजनीति में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के और सरकार की युवाविरोधि नीतियों से युवाओं के अवगत कराने के उद्देश्य से आगामी 16 मई को एक उच्च स्तरीय प्रदेश स्तरीय बैठक आहूत की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता मे ये बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक का मुख्य एजेंडा युवाओं पर केंद्रित रहेगा, जिसमें उन्हें राजनीति की मुख्यधारा में आगे लाने और सक्रिय नेतृत्व सौंपने की रणनीति पर गहन विचार-मंथन किया जाएगा। वर्तमान सरकार की युवा विरोधी नीतियों के विरुद्ध मोर्चा खोलने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। कांग्रेस का लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को भर्ती परीक्षाओं में हो रही अनियमितताओं और समाज में तेजी से फैल रहे ड्रग्स के चलन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। पार्टी युवाओं को इन सामाजिक बुराइयों से दूर कर उन्हें रचनात्मक राजनीति की ओर आकर्षित करने हेतु एक व्यापक कार्ययोजना पर कार्य करेगी, ताकि प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित और सशक्त बनाया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक की विशेषता यह है कि इसमें पूरे प्रदेश से केवल महत्वपूर्ण बड़े चुनिंदा युवा नेताओं और पदाधिकारियों को ही आमंत्रित किया गया है। इसी कड़ी में इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े को विशेष तौर पर बुलावा भेजा गया है। वानखेड़े का छात्र राजनीति और युवा संगठन में एक लंबा और प्रभावी अनुभव रहा है। उन्होंने एनएसयूआई में जिला अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली है, साथ ही वे युवा कांग्रेस में प्रदेश उपाध्यक्ष, एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में भी शामिल रहे हैं।

## सरकार श्रीवास को बनाए केश शिल्पी मंडल का अध्यक्ष

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाष वर्मा सेन ने बताया कि पिछले दिनों संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह श्रीवास की अध्यक्षता में हुई। अगली बैठक 24 नवम्बर को भोपाल में होगी। बैठक में राज्य केश शिल्पी मंडल के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा के ब्रह्मलीन हो जाने से उनके पद पर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने हेतु उनके अभिन्न साथी उनके साथ भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय संयोजक रहे रघुवीर सिंह श्रीवास के नाम का प्रस्ताव मध्य प्रदेश शासन में व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन में रखा जावे इस हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। यह भी तय हुआ कि संगठन के पदाधिकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर राज्य केश शिल्पी मंडल में अध्यक्ष नियुक्त करने हेतु रघुवीर सिंह श्रीवास के नाम का प्रस्ताव रखेंगे। उक्त पूर्ण जानकारी सुभाष वर्मा सेन ने दी।

## कांग्रेस अनुशासित पार्टी है, भाजपा अपना घर सम्भाले

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री नरसिंह कुण्डलवाल ने नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस एक अनुशासित और देशभक्तों व बलिदानियों की पार्टी हैं। यहां अनुशासन सर्वोपरि है व्यक्ति नहीं । जो पार्टी का अनुशासन तोड़ता है उस पर कार्रवाई होती हैं। आपकी पार्टी में तो अनुशासन से बड़ा व्यक्ति हैं। पहले आप अपना भाजपा का घर संभाले फिर दूसरे दल कांग्रेस के घर में झांकें। आपकी पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर नेता और जनप्रतिनिधि तक अनुशासनहीनता करते हैं और आप एवं आपकी पार्टी खामोश क्यों रहती हैं? आपके मंत्री सेना के जवानों पर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं और आपकी पार्टी एवं सरकार उनसे सवाल पूछने की हिम्मत तक नहीं करतीं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी जीतू पटवारी एवं इंदौर में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे के नेतृत्व में मजबूत हैं। आप ऐसे बयानों से किसी भी कांग्रेसी कार्यकर्ता या नेता को गुमराह कर कांग्रेस के प्रति भड़का नहीं सकते। गत दिनों पूर्व ही महूनाका चौराहे पर अपकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महिला पुलिस अधिकारी के साथ अभद्रता करते हुए धमकी दी और आप एवं आपकी पार्टी खामोश है और आप दूसरों को ज्ञान बांट रहे हैं। क्या इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत करेंगे। उक्त पूर्ण जानकारी नरसिंह कुण्डलवाल ने दी।

## 5वीं और 8वीं की पुरानी अंकसूची को लेकर प्राचार्यों को पत्र

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला शिक्षा केन्द्र ने सभी स्कूल संचालक, प्राचार्य को पत्र भेजे हैं, जिसमें यह लिखा गया है कि 2024-25 की कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा परिणाम की अंकसूची कई स्कूलों को पूरी तरह प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे स्कूल जानकारी के साथ पोर्टल पर भुगतान की गई शुल्क की रसीद संलग्न कर जिला शिक्षा केन्द्र के डाइट परिसर राजेन्द्र नगर में तीन दिन में हार्ड कॉपी और साफ्ट एक्सल शीट के साथ जानकारी भेज सकते हैं। अगर कोई भी पालक विद्यार्थी की अंकसूची के लिए शिकायत करेगा तो उसके लिए स्कूल जिम्मेदारी होगा। इसके लिए विद्यालय का डायस कोड डालकर सूची सहित विद्यार्थी का पूरा नाम, कक्षा के साथ स्कूल को भेजना होगी। साथ में यह भी लिखा है कि कोई गलत जानकारी मार्कशीट के लिए दी जाती है तो प्रमाणीकरण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई भी की जएगी।

## 4 से 5 दिन नमी के बादल बने रहेंगे 20 मई तक रहेगी उमस की गर्मी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। इधर गर्मी की उमस बढ़ी हुई है और उधर नमी की हवाएं भी चल रही है, जिससे बादल बन रहे हैं। 4 से 5 दिनों तक ऐसे ही नमी के बादल बनते रहेंगे और भगवान सूर्य को अपनी आगोश में लेते रहेंगे, कभी धूप तो कभी छांव नजर आएगी। वहीं 20 मई तक गर्मी और उमस बनी रहेगी, उसके बाद बादल भी हटेंगे और गर्मी भी कम होगी। इंदौर में बरसात की संभावना नहीं है, कभी कम दबाव का क्षेत्र बना तो कुछ जगह छीटे पानी के आ सकते हैं।

## भाजपा-कांग्रेस नेताओं ने लिया खिलाड़ियों से परिचय



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नेहरू स्टेडियम में राजीव गांधी एकता क्लब द्वारा आयोजित भीमराव आम्बेडकर क्रिकेट कप के अन्तर्गत दो प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। भाजपा नेता टंटू शर्मा और कांग्रेस नेता जय हार्डिया, संतोष यादव, राहुल चौधरी एवं अन्य में बबलू पाठक, विक्की सिलावट, सौरभ वर्मा, अलंकार रायकवार, रूबी नय्यर, बिनू रायकवार, विजय रायकवार, अनिकेत सिलावट, रणवीर सिलावट, सन्नी शर्मा, हरि शर्मा, मोनू यादव मौजूद थे।

## रतलाम -उदयपुर ट्रेन को इंदौर से चलाया जाए

### यात्रियों की समस्या का निदान होगा, रेल मंत्री से क्री गुहार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने रतलाम- उदयपुर ट्रेन को इंदौर से चलाए जाने की मांग केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से की है जिससे इस मार्ग के धर्मालु यात्रियों, व्यापारियों की समस्या का निदान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इंदौर-उदयपुर वीर भूमि एक्सप्रेस के समय परिवर्तन की रेल यात्रियो की मांग पर विराम लगेगा। इस मार्ग के हजारों यात्री लाभान्वित होंगे। इस ट्रेन से चित्तौड़गढ़,कपासन, फतेहनगर, मावली, उदयपुर के यात्रियों को कम समय लगेगा। वर्मा ने गाड़ी संख्या 19327 व 19328 रतलाम- उदयपुर ट्रेन के समय में थोड़ा परिवर्तन कर इस ट्रेन को इंदौर से चलाएं जाने से मावली, सांवरिया जी एवं अन्य आसपास के गांव में आवागमन करने धर्मालु रेल यात्रियों को सुगम सुविधा मिलेगी। उनकी गंभीर समस्या मावली स्टेशन पर अलसुबह कोई भी साधन नहीं मिलने से निजात मिलेगी। रतलाम -उदयपुर ट्रेन को इंदौर तक बढाकर इंदौर समय परिवर्तन कर चलाने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और समय की राहत भी मिलेगी। वर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड से रतलाम-उदयपुर ट्रेन का इंदौर तक बढ़कर चलाने की मांग की है।

# इंदौर-भोपाल रूट पर चल रही है अच्छी गाड़ी के नाम पर कबाड़ वाहन -कांग्रेस

### एआईसीटीएसएल स्मार्ट सिटी की सड़कों पर दौड़ा रहे हैं खराब गाड़ियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) की बदहाल व्यवस्थाओं, बढ़ते भ्रष्टाचार और यात्रियों के साथ हो रहे खुले अन्याय को लेकर भाजपा सरकार और संबंधित अधिकारियों पर आरोप की बौछार लगाते हुए हैं कहा कि स्मार्ट सिटी' की सड़कों पर दौड़ रहा भ्रष्टाचार का कबाड़ मॉडल इंदौर की जनता को 'स्मार्ट ट्रांसपोर्ट' और 'सेल्फ सस्टेनेबल मॉडल' के नाम पर सिर्फ छलावा परोसा जा रहा है। शहर की सिटी बस सेवा भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और अव्यवस्था का प्रतीक बन चुकी है। चौरसिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले जनता पर किराया वृद्धि का बोझ लादा और अब उसी जनता को जर्जर, बदहाल और असुरक्षित बसों में सफर करने को मजबूर किया जा रहा है। डेढ़ किलोमीटर के न्यूनतम किराए के नाम पर आम आदमी की जेब काटी जा रही है, लेकिन बदले में यात्रियों को न समय पर बसें मिल रही हैं, न सुरक्षित सफर और न ही बुनियादी सुविधाएं। इंदौर-भोपाल रूट सहित कई प्रमुख मार्गों पर चल रही बसें 'चलती-फिरती कबाड़ गाड़ियां' बन चुकी हैं। बसों के रखरखाव और फिटनेस के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति हो रही है। यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है, लेकिन एआईसीटीएसएल प्रबंधन और भाजपा सरकार अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने में व्यस्त हैं। अधिकारियों और निजी बस ऑपरेटरों के बीच 'मिलीभगत और कमीशनखोरी' का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बसों की शेड्यूलिंग, परमिट, पार्किंग और संचालन में खुला खेल चल रहा है। जानबूझकर सिस्टम को कमजोर किया जा रहा है ताकि निजी ऑपरेटर मनमानी कर सकें और भ्रष्टाचार का खेल चलता रहे। चौरसिया ने कहा कि आए दिन यात्रियों से चालक और परिचालकों द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायतें सामने आ रही हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और विद्यार्थियों तक के साथ बदसलूकी की घटनाएं बढ़ रही हैं। 'कमीशन आधारित व्यवस्था' ने इंदौर की सार्वजनिक परिवहन सेवा को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है।

## महापौर को लिखा उदावत ने इलेक्ट्रीक वाहन उपयोग के लिए पत्र

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से कई मुद्दों पर अपील की थी। पश्चिमी एशिया के संकट के मद्देनजर इस अपील पर अलग-अलग असर दिखाई दे रहा है। निगम एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार नगर निगम में इलेक्ट्रिकल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए पत्र लिखा। युद्ध के कारण बढ़ते तेल, पेट्रोल, डीजल, गैस के लिए अब निगम भी इलेक्ट्रीक गाड़ियों को बढ़ावा देवे और ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रीक गाड़ियों का उपयोग करें। पत्र में महापौर से आग्रह किया गया कि नगर निगम में सभी को इलेक्ट्रीक वाहनों का इस्तेमाल करने की अनिवार्यता करें। अधिकारी और कर्मचारी भी इलेक्ट्रीक वाहनों का प्रयोग करें। निगम के कार्यों के लिए भी प्रयोग होने वाले वाहन इलेक्ट्रिकल हो। साथ ही उदावत ने यह भी पत्र में लिखा कि आप तो इलेक्ट्रिकल कार का प्रयोग करते ही है, हर शुक्रवार को नो कार-डे की भी घोषणा की जाए। अगर निगम ऐसा करता है तो यह पहली इलेक्ट्रिकल वाहन प्रयोग करने वाले नगर निगम इंदौर की बन सकती है। इससे आम जनता में भी जनजागरूकता का संदेश जाएगा।

# जन सहयोग से लगवाए वाटर कूलर में नहीं भरा रहा है पानी
# मेघदूत उपवन में आने वाले हजारों लोग रोज होते हैं परेशान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम के द्वारा मेघदूत उपवन में आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने का काम जनता पर डाल दिया गया था। जनता के द्वारा आपस में पैसा इकट्ठा कर जन सहयोग से मेघदूत ऊपवन में जगह-जगह वाटर कूलर लगाए गए। इसके साथ ही निगम के अधिकारियों के द्वारा कुछ कंपनियों से भी आग्रह किया गया तो कंपनी के द्वारा अपने सीएसआर फंड से इस बगीचे में कुछ वाटर कूलर लगाए गए। इन सभी के पीछे मकसद एक ही था कि इस उपवन में सुबह के समय बेहतर स्वास्थ्य के लिए आकर पसीना बहाने वाले लोगों को ठंडा पानी मिल सकें। इसके साथ ही शाम के समय पर हरियाली के बीच आकर बैठने और अपने परिवार के बच्चों को वहां खेलने के लिए अवसर देने वाले लोगों को भी शीतल जल मिल जाए। लोगों ने अपनी जेब से पैसे लगाए और



कंपनियों ने अपना फंड खर्च किया तब जाकर यहां पर शीतल जल की व्यवस्था हो सकी।

### दूसरे बगीचों में नहीं है कोई व्यवस्था

मेघदूत उपवन में तो लोगों ने अपना पैसा खर्च कर यह व्यवस्था कर दी है लेकिन शहर के जो दूसरे बड़े बगीचे हैं जहां बड़ी संख्या में लोग अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए जाकर मेहनत करते हैं वहां पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। चाहे मल्हार आश्रम का मैदान हो या फिर स्मार्ट सिटी के द्वारा विकसित किए गए नेहरू पार्क हो, चाहे लाल बाग का परिसर हो या फिर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का खंडवा रोड का मैदान हो इनमें से किसी भी स्थान पर वहां जाने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। जहां व्यवस्था है वहां भी पानी नहीं है तो जहां व्यवस्था नहीं है वहां व्यवस्था तो विकसित करवा पाना नगर निगम के बस की बात ही नहीं है।

# नॉर्थ मूसाखेड़ी की कॉलोनी को किया जाएगा वैध

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर नगर निगम के द्वारा नार्थ मूसाखेड़ी की कॉलोनी को वैध करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए निगम के द्वारा इस कॉलोनी का नक्शा बना लिया गया है। इस नक्शे पर लोगों से आपत्ति मांगी गई है।

इंदौर नगर निगम की कॉलोनी सेल के द्वारा नॉर्थ मूसाखेड़ी कॉलोनी और उसके पास में बने मकान का साइट प्लान बना लिया गया है। इस साइट प्लान का जनता के लिए सार्वजनिक प्रकाशन कर उनसे 15 दिन में आपत्ति मांगी जाएगी। इसके बाद में फिर इस प्लान के अनुसार काम करते हुए इस क्षेत्र का विकास किया जाएगा। पुरी कॉलोनी में अधो संरचना का विकास नागरिकों से विकास शुल्क लेकर कराया जाएगा। निगम की कॉलोनी सेल के द्वारा मूसाखेड़ी की विभिन्न खसरा नंबर की जमीन पर 8610 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में विकसित की गई नॉर्थ मूसाखेड़ी कॉलोनी और उसके पास में खसरा नंबर 91/1 पर बनाए गए मकानों को शामिल करते हुए यह साइट प्लान तैयार किया गया है। निगम के द्वारा इस पूरे क्षेत्र में सड़क पानी की लाइन ड्रेनेज की लाइन स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है।

**निगम ने बना लिया पूरी कॉलोनी का नक्शा अब मांगी लोगों से आपत्ती**

ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा पहले काफी तेजी से अवैध कॉलोनी को वैध करने का अभियान चलाया जा रहा था लेकिन पिछले कुछ महीनो से यह अभियान बंद पड़ा हुआ था। अब नगर निगम के द्वारा इस मूसाखेड़ी की कॉलोनी के साथ इस अभियान को एक बार फिर शुरू किया जा रहा है। इस कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया अब शुरू हो गई है।

### शासन की घोषणा का आदेश नहीं आया

कुछ महीने पहले राज्य सरकार की ओर से यह घोषणा की गई थी कि अब किसी भी अवैध कॉलोनी को वैध करने का अभियान नहीं चलाया जाएगा। इस घोषणा के बाद से नगर निगम के द्वारा इस काम को बंद कर दिया गया था। इस घोषणा के संबंध में अब तक शासन की ओर से कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में नगर निगम के द्वारा एक बार फिर अपने पुराने अभियान को ही शुरू कर दिया गया है।

# महापौर ने किया सफाई व्यवस्था पर निरीक्षण

### पालतू श्वान के मल पर कार्रवाई के निर्देश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज सुबह सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने झोन 14 और 15 का दौरा करने पहुंच गए। जहां सफाई व्यवस्था अच्छी दिखी वहां सराहना भी की और जहां गंदगी दिखाई दी वहां नाराजगी भी जताई। पालतू श्वान के मल पर सख्त चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। चंदननगर क्षेत्र, सिरपुर तालाब की सफाई व्यवस्था देखी, रहवासियों से संवाद भी किया, समस्याएं भी सुनी। महापौर ने गोपुर चौराहे से चाणक्यपुरी चौराहे तक सड़क के मध्य भाग में की गई स्वच्छता और सौंदर्यीकरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों से बातचीत कर स्वच्छता संबंधी सुझाव प्राप्त किए। झोनल अधिकारी और सीएसआई को निर्देशित भी किया कि सार्वजनिक स्थान और सड़क पर पालतू श्वान का मल देखा जाए तो वीडियो फुटेज कर चालानी कार्रवाई की जाए।

# 24 घंटे जलने वाली लाइट इन अब मोबाइल फोन से होगी बंद चालू

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**कर्मचारियों की लापरवाही के चलते 24 घंटे जलती है शहर की स्ट्रीट लाइटें**
**स्मार्ट स्ट्रीट लाइट सिस्टम से बदलेगी शहर की तस्वीर**
**एलईडी और सीसीएमएस तकनीक से करोड़ों की बचत का दावा**

शहर के कहीं क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट सूरज को दिया दिखाने का काम पिछले कई सालों से करती आ रही है क्योंकि शहर में यह आम बात है कि दिन के उजाले में भी स्ट्रीट लाइटिंग जलती हुई देखी जा सकती है खास तौर पर विजयनगर जैसे शहर के अत्यधिक क्षेत्र और बीआरटीएस पर यह 24 घंटे जलता है अक्सर अधिकारी यह दावा करते हैं की लाइटों का मेंटेनेंस चल रहा है लेकिन प्रत्यक्षदर्शी रहवासी इस बात को साबित करते हैं कि लिए 24 घंटे जल रही है। इस समस्या के हाल के लिए नगर निगम ने नया सिस्टम बनाने की प्लानिंग की है जिसके तहत दावा किया गया है कि 24 घंटे जलने वाली स्ट्रीट लाइटों को मोबाइल के एक क्लिक से बंद और चालू किया जा सकेगा इसके बाद नगर निगम ऊर्जा संरक्षण तो करेगा ही इसके साथ ही भारी भरकम बिजली बिल में भी कटौती होगी।।

### शहर में 10000 स्ट्रीट लाइट लगेगी

अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में वर्तमान में लगभग 1 लाख 42 हजार स्ट्रीट लाइटें संचालित हो रही हैं। अंधेरे क्षेत्रों को रोशन करने के लिए 10 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए नया टेंडर जारी किया गया है, जिसे 28 मई को खोला जाएगा। जिस पर महापौर ने उन 10 हजार विद्युत पोलों पर भी जल्द एलईडी लाइट लगाने के निर्देश दिए, जहां अभी तक रोशनी की व्यवस्था नहीं है।

### स्ट्रीट लाइट मोबाइल से होगी ऑपरेट

नगर निगम ने अधिकांश स्ट्रीट लाइटों को एकीकृत निगरानी नियंत्रण सिस्टम से जोड़ दिया है। इस तकनीक के जरिए मोबाइल आधारित प्रणाली से लाइटों को दूरस्थ रूप से ऑन-ऑफ किया जा सकेगा और उनके संचालन का समय भी निर्धारित किया जा सकेगा। पहले शहर में 20,872 स्ट्रीट लाइटें 24 घंटे जलती रहती थीं, लेकिन तकनीकी सुधारों के बाद यह संख्या घटकर करीब 5,300 रह गई है। एलईडी रूपांतरण के बाद निगम ने 676 विद्युत संयोजनों का लोड कम किया है। करीब 6000 किलोवाट लोड घटने से फिक्स्ड चार्ज में लगभग 22 लाख रुपए प्रतिमाह की बचत संभावित बताई गई है।

### बिजली पोल से केवल के जाल हटाए जाएं

महापौर ने अपर श्रीवास्तव को निर्देश दिए हैं कि शहर में सैकड़ो बिजली पोल पर अवस्थित केवल के जाल बना दिए गए हैं जिन्हें हटाने की कार्रवाई सख्ती से की जाए शहर की सड़कों की सुंदरता केबल से खराब हो रही है इस कार्रवाई के दौरान किसी भी विद्युत पोल को नहीं छोड़ा जाए इसके लिए शहर के सभी 22 जून में ऐसे पॉल को चिन्हित किया जाए जहां पर केवल के जाल बन चुके हैं सबसे पहले उन्हें हटाया जाए।

### 29 गांव का अंधेरा दूर करें

इसके अलावा 29 गांव में ऐसी स्ट्रीट लाइट इन जहां व्यवस्थित रूप से अभी भी लिए नहीं लग चुकी है वहां नई लाइट एवं पोल लगाने का काम विद्युत विभाग के साथ समन्वय करके पूरा किया जाय। इन क्षेत्रों में गार्डनों की लाइट व्यवस्था, गेटेड कॉलोनियों की स्ट्रीट लाइट समीक्षा और सोलर अभियान को शुरू किया जाए। वहीं 29 गांवों में हाईमास्ट लाइट लगाने की योजना में 19 गांवों का कार्य पूरा हो चुका है बचे हुए गांव में भी जल्द यह काम पूरा करें। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि निगम का लक्ष्य ऐसी व्यवस्था तैयार करना है, जिससे शहर आधुनिक, और शिकायत-मुक्त बन सके।



# जैन महासमिति की बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दिगम्बर जैन महासमिति पूर्वी संभाग की बैठक धार रोड पर हुई जिसमें 170 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मंगलाचरण के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। बाद में ग्रुप की महिलाओं द्वारा रैम्प वॉक किया। इसमें 10 जोड़ी ने पार्टिसिपेट किया, जिनसे प्रश्न भी पूछे गए। तम्बोला भी खिलाया गया। मीटिंग का दायित्व सुदामा नगर इकाई को दिया गया। किरण रांवका, कांता काला, सुनीता पाटनी,कल्पना जैन स्मिता गंगवाल,किरण कासलीवाल, शीलू पाटनी, ज्योति सेठी, रजनी, कौशल्या पतंग्या, मनी अजमेरा, वीना सेठी, निर्मला पाटोदी, किरण कासलीवाल, स्मिता गंगवाल ने आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

# आईस लॉली निर्माण इकाई को बंद कराया

## सैकरीन का हो रहा था उपयोग, सेंडवीच दुकान से भी लिया बेक समोसा का सेम्पल



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रशासन खाद्य विभाग के सुरक्षा अधिकारियों के दल ने आईस लॉली निर्माण इकाई पहुंचकर वहां सैकरीन उपयोग एवं अनियमितताएं पाए जाने पर 300 लीटर उत्पाद जब्त किया और वहां चल रहा निर्माण कार्य बंद कराया गया। यहां से नमूने भी लिए गए। दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 14 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए। डायमंड पेप्सी पर भी कार्रवाई की गई। वहां भी आईस लाली का निर्माण और पैकिंग किया जाना पाया गया। निर्माण में बोरिंग के पानी एवं सैकरीन का उपयोग किया जा रहा था, ये छोटे बच्चों के सेवन के लिए उपयुक्त नहीं है। एफ.सी. इन्टरप्राईजेस तिलक नगर का निरीक्षण कर वहां से भी 5 नमूने जांच के लिए लेकर भोपाल भेजे जा रहे हैं। वहीं डेल्टा मार्केटिंग, ओल्ड पलासिया का निरीक्षण कर वहां से भी 5 नमूने लिए गए। विजयश्री सेंडवीच जेल रोड का निरीक्षण कर वहां से भी बेक समोसा का नमूना जांच के लिए लिया गया।

# शहर में सर्वाधिक बिजली वितरण भरी दुपहरी में भी लोहे के पोल पर चढ़कर सुधार कार्य

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग एवं उसी के अनुरूप आपूर्ति में बढ़ोत्तरी की स्थिति है। 12 मई को बिजली की मांग भी रिकार्ड स्तर की रही। मंगलवार को शहर में बिजली की अधिकतम मांग 685



मैगावाट दर्ज की गई, इस दिन कुल 1 करोड़ 53 लाख यूनिट बिजली का वितरण किया गया। बिजली की मांग बुधवार को भी उच्च स्तर की रही। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि भीषण गर्मी में भी कार्मिक पूरी तन्मयता, समर्पण से सेवाएं दे रहे हैं, तकनीकी दिक्कत आने पर भरी दुपहरी में लोहे के पोल पर चढ़कर सुधार कार्य किया जा रहा हैं।

# जैन समाज के युवा करेंगे टेनिस टूर्नामेंट



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के युवा प्रकोष्ठ द्वारा चार दिवसीय टेनिस बॉल टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट के महाकुंभ का आयोजन 28 मई से 31 मई तक शाम 5 से रात 1 बजे तक टर्फ द विंग्स चाणक्यपुरी चौराहा अन्नपूर्णा रोड पर किया जाएगा। महावीर जैन, हनी जैन, अंकुल पाटोदी, देव जैन, चिंतन जैन, सुयश बाकलीवाल ने बताया कि स्पर्धा के माध्यम से जिनालय स्तर, सोशल ग्रुप व कई संस्थाओ के युवाओं को संगठित करने के उद्देश्य से मंदिर क्षेत्रो से जुड़ी 48 टीम भाग ले रही है। इस क्रिकेट महाकुंभ के माध्यम से युवाओ को गुरुओ के आहार, विहार, निहार के लिए भी जोड़ा जाएगा। युवाओ को खेल के माध्यम से जैन धर्म की संस्कृति व सिद्धांतों का सामाजिक रूप से आदान-प्रदान कर उन्हें जोड़ा जाएगा। इस टेनिस बॉल आयोजन में मीडिया वर्सेस भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवम समाज की दो प्रमुख संस्थाओं के बीच मैच होगा। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद वर्सेस दिगंबर युवा प्रकोष्ठ के संग जैन समाज के डॉक्टर्स के बीच रोमांचकारी मैच होगा। आयोजन में राजवंश रियल इस्टेट के दीपम शुक्ला, शुभम शुक्ला, मोयरा सरिया के संदीप जैन सहित अन्य का भी सहयोग मिलेगा। आयोजन में विनय बाकलीवाल, डी.के. जैन, नकुल पाटोदी, पिंकेश टोंग्या, जैनेश झंझरी, देवेंद्र सोगानी, संजय जैन, अनामिका बाकलीवाल, ऋषभ पाटनी, मनोज जैन आयोजन के सहसंयोजक नीरज जैन, राहुल झांझरी, रोहित गंगवाल, मनीष जैन, सौरभ जैन, प्रवीण पहाड़िया, मोहित जैन, वैभव जैन, अभिषेक सेठी, आकाश जैन, तनिष्क जैन, राहुल जैन, मयंक सेठी की भी उपस्थिति रहेगी। 7 ओवर का मैच खेला जाएगा। विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे।



# अहिल्या प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मालवा क्वींन्स क्लब द्वारा मदर्स-डे एवं मातेश्वरी अहिल्याबाई जयंती का आयोजन कर प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना भी की गई। अहिल्या माता की जयंती 31 मई को मनाई जाएगी। कुंजन चाबा, सुनीता मंत्री, ढिल्लो, अल्पा, सुलोचना, पूनम, स्मृति, दीपा, प्रतिभा, अलका, सुमन, तृप्ति, उर्वी, नीतू, सरोज उप्पल सहित 37 सदस्य मौजूद थे।

# पौष्टिक गोग्रास अभियान अधिकमास में चलेगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अधिकमास 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इस धार्मिक माह में सेवाकार्य के अन्तर्गत कामधेनु सेवा समिति द्वारा अलग-अलग गौशालाओं में जनसहयोग से पौष्टिक गोग्रास एकत्रित कर गायों के लिए पहुंचाया जाएगा। राजेन्द्र असावा ने बताया कि कल 15 मई से गौशालाओं में गोग्रास भेंट करना प्रारंभ कर दिया जाएगा। समिति द्वारा गोमाता को पौष्टिक गोग्रास के तहत गेहूं की चापड़, भूसा, दाल चूरी, पौष्टिक सत्तू आदि भेंट की जाएगी।



# शेख अनवर पेंटर का इंतकाल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव शेख शाकिर मसूदी व साबिर भाई के छोटे भाई आशिक भाई पेंटर और नौशाद भाई के बड़े भाई शेख साजिद पेंटर के चचा व अमन और आवेश के वालिद शेख अनवर पेंटर ठेकेदार का इन्तक़ाल कल हो गया। आज सुबह उनका जनाजा मदीना नगर-आजाद नगर से निकलकर आजाद नगर कब्रिस्तान पहुंचा, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

# शनि जयंती पर होगा भंडारा



देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बड़ेगांव देपालपुर के ठाकुर मोहल्ला शिवाजी मार्ग में नवग्रह शनि मंदिर में भगवान शनिदेव की जन्म जयंती पर फूलों से श्रृंगार होगा, रोशनी भी की जाएगी। भगवान को छप्पन भोग लगाकर विशेष श्रृंगार किए जाएंगे। श्रद्धालु न्यायप्रिय देव के दर्शन करेंगे। सुन्दरकांड का पाठ और महाआरती में भी श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। सतीश जोशी, विजय जोशी ने बताया कि भंडारा और प्रसादी वितरण का आयोजन भी होगा।

# इन्दौर फॉइल चैलेंज का होगा आयोजन

## पहली बार इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग मशीन और स्पूल सिस्टम के साथ होगी फेंसिंग प्रतियोगिता

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इन्दौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा 'इन्दौर फॉइल चैलेंज' प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के विभिन्न स्कूलों, क्लबों और अकादमियों के खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं को ओलम्पिक खेल फेंसिंग के फॉइल इवेंट में खेलने का अवसर मिलेगा। मनीष आर्य ने बताया कि इन्दौर में पहली बार प्रतियोगिता का आयोजन आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट, स्कोरिंग मशीन एवं स्पूल सिस्टम के साथ किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर जैसी तकनीकी सुविधाओं का अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य शहर में फेंसिंग खेल को नई पहचान देना तथा युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। इन्दौर में फेंसिंग तलवारबाजी खेल की शुरुआत करने वाले वरिष्ठ कोच मास्टर सईद आलम ने अपने उद्बोधन में कहा कि फेंसिंग केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता और मानसिक संतुलन का माध्यम है।

# चुटेले का निधन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वाल्मीकि समाज से जुड़े नितेश चुटेले का 55 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पंचकुइया मुक्तिधाम पर उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाजजन और चारों पंचायत के प्रतिनिधि ने मौजूद रहकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# कलेक्टर ने किया इंदौर-खंडवा नेशनल हाईवे का निरीक्षण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सिंहस्थ समीप आ रहा है, उसी के मद्देनजर इंदौर-खंडवा नेशनल हाईवे के निर्माण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा ने हाईवे का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण कर उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिंहस्थ 2028 की दृष्टि से इस




परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुगम और सुरक्षित बनाई जा सके। निर्माण कार्य में आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर किया जाए तथा एनएचएआई को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे परियोजना निर्धारित समय में पूर्ण हो सके।

## हसंदास मठ में होगा भागवत और रामायण-पारायण आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पश्चिम क्षेत्र के बिजासन रोड स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास में 17 मई से 15 जून तक सुबह 9 से 12 और शाम 4 से 7 बजे तक धार्मिक आयोजन की कड़ी में भागवत पारायण और रामायण-पारायण के मूल पाठ का जाप 108 विद्वानों द्वारा भगवन रणछोड़जी के सम्मुख किए जाएंगे। महंत रामचरणदास महाराज और पवनदास महाराज का सानिध्य मिलेगा। ब्राह्मण भोज मनोरथ भी किया जाएगा।

## दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल को सफलता

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सफलता मिली है। छात्रा कुहू छारी, विनी पाण्डे, अक्षकरा गर्ग, सृष्टि बालानी को 90 प्रतिशत से अधिक और ऋषभ पाटीदार, सम्यक नागर को 88 से अधिक प्रतिशत अंक मिले हैं। प्राचार्य श्रुति चिंचवड़कर ने बताया कि प्रथम श्रेणी से लेकर 75 प्रतिशत से अधिक के कई विद्यार्थी है। निदेशक इनायत हुसैन कुरैशी ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## रेडिमेड गारमेंट उद्योग पर युद्ध से महँगाई की मार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रेडिमेड कॉम्पलेक्स परदेशीपुरा व्यापारी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वस्त्र व्यवसायी विक्की कालानी, अरुण पाटनी, बसंत चौकसे, बक्षीलाल जैन ने बताया कि अमेरिका और ईरान युद्ध से पेट्रोल डीजल गैस के भाव आसमान छू रहे है। रेडिमेड गारमेंट उद्योग पर भी खाड़ी युद्ध के कारण महंगाई की मार का असर दिख रहा है। होलसेल कपड़ा मार्केट में कपड़ा महंगे दाम से लेना पड़ रहा है, जिसका असर रेडिमेड जिन्स, शर्ट, बच्चों के वस्त्र, व्यापारी को बहुत सोच-समझ कर तैयार करने में परेशानी आ रही है। अगर शीघ्र युद्ध बंद नहीं हुआ तो रेडिमेड गारमेंट मंदी के दौर में ठप्प हो जायेगा। वस्त्र तैयार करने वाले कटिंग मास्टर, सिलाई कारीगर, प्रेस मेन, हेल्पर भी इस बढ़ती हुई महंगाई की चपेट में आयेंगे और बेरोजगारी बढ़ेगी।

## आईटी पार्क चौराहे पर मिला पर्स

### सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल, रुपये रखे थे पर्स में

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। यातायात पुलिस की ड्यूटी पर मौजूद महिला पुलिस आरक्षक टोनिका मौर्य, संध्या पोरवाल,आरती वसूनिया आईटी पार्क चौराहा पर अपने कर्तव्य पर थी। एक लावारिस पर्स पड़ा होने पर इन महिला आरक्षकों द्वारा पर्स को सुरक्षित रखकर उसकी जांच करवाई गई। जिसमें सोने के कान के आभूषण, चाँदी की दो जोड़ी





पायल, एक चाँदी का कमरबंद, दो मोबाइल फोन एवं नगदी राशि प्राप्त हुई। पर्स में मिले आईडी कार्ड के आधार पर संबंधित व्यक्ति से संपर्क किया गया। जानकारी मिलने पर पता चला कि संबंधित दंपति राऊ क्षेत्र में मौजूद हैं। उन्हें आई टी पार्क चौराहे पर बुलाया गया तथा पहचान सत्यापन हेतु मोबाइल फोन का पासवर्ड खुलवाकर एवं पर्स में रखे सामान की जानकारी पूछी गई। संतुष्ट होने के बाद समस्त सामग्री सुरक्षित रूप से दंपति को सुपुर्द की गई। दंपति ने इंदौर यातायात पुलिस की ईमानदारी एवं तत्परता की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

## गुरु आश्रम पर धार्मिक आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महाप्रचंड गुरू आश्रम माली मोहल्ला में स्थापना दिवस एवं तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव में कल से प्रारम्भ हुए अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति आज सुबह से की जा रही है। महोत्सव में इन्दौर के अलावा बाहर से भी श्रद्धालु और संत आए हुए है। कल शाम को भी आयोजन हुए। आश्रम को विद्युत सज्जा और पुष्प से सजाया गया है। आज शाम होने वाली पांच हजार भक्तों की महाप्रसादी के लिए भट्टी पूजन की रस्म महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में की



गई। अखंड रामायण पाठ में सत्यनारायण जाट, दामोदर सुईवाल, बंकटलाल पांड्या, रमेश खरवड, रामलाल संवारकरवाल, नीरज जैन अपनी भूमिका निभा रहे है। बरसी आयोजन आज शाम 5बजे से शुरू होगा। फूलबंगला दर्शन भी होंगे, भजन सत्संग के आयोजन भी आज शाम होंगे।

## कल से मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल 15 मई से नेहरू स्टेडियम में निशुल्क मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 24 मई तक चलेगा, जिसमें शहर के सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। शिविर में सुबह और शाम दोनों सत्रों में अनुभवी एवं योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोच महेश पुरोहित ने बताया कि प्रतिभागियों को कुराश, जू-जुत्सु और फिटनेस से जुड़ी विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। संजय गोयल ने बताया कि इस शिविर में केदारनाथ और अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।



## पूर्वमुखी हनुमानजी को लगाए छप्पन भोग

### महाआरती और भंडारा का भी आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रेस क्लब के पास स्थित पूर्वमुखी हनुमान मंदिर में हनुमानजी को चोला चढ़ाया, श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए, महाआरती की गई। भंडारी प्रसादी का आयोजन भी हुआ। आयोजन के एक दिन पूर्व रामायण और सुन्दर कांड पाठ किया गया। चंदा राय, हरीश कपूर, अनिल पिपले, सचिन गंगे, आकाश मीणा, गोपाल वर्मा, मनोहर, आशुतोष चौबे, आरती भदौरिया ,संतोष भैया, दिलीप खींची, पंकज लाड, रंजीत मौजूद रहे।

## सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर गोष्ठी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा भारतीय सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में आज के आधुनिक युग में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की प्रासंगिकता पर गहन चिंतन किया गया और भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का महत्व युवा पीढ़ी तक पहुँचाने की ज़िम्मेदारी तय की गई। राधेश्याम शर्मा, डॉ. भरत शर्मा, अनिल जोशी, अरविन्द पुरोहित, सुनील पटेल सहित अन्य मौजूद थे।






## श्रमायुक्त कार्यालय पर ज्ञापन

इंदौर। केन्द्रीय श्रम संगठनों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति के नाम श्रम आयुक्त कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी के साथ ज्ञापन दिया। कई मुद्दे श्रमिक हित को लेकर शामिल किए गए। राम स्वरूप मंत्री, राहुल निहोरे, महेश गोहर, श्याम सुन्दर यादव, सी एल सर्रावत, रूद्रपाल यादव, अरुण चौहान, भागीरथ कछवाय, छगन लाल चौहान, मनीष ठक्कर, हरनामसिंह धारीवाल, बाबुलाल नागर मौजूद थे।

## गुरु रविशंकर को याद कर सेवा, साधना एवं सत्संग के कार्यक्रम



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन, इंदौर चैप्टर द्वारा गुरुदेव श्री रविशंकर के अवतरण दिवस पर गांधी हाल सहित अन्य स्थानों पर सेवा, आध्यात्मिक, श्रद्धा, उत्साह, भक्ति का आयोजन किया गया। सुदर्शन क्रियाएं, हैप्पीनेस कार्यक्रम किया गया। प्रार्थना की गई, रक्तदान शिविर भी लगा, भोजन पैकेट का वितरण भी हुआ। विजय नगर चौराहा पर ठण्डाई वितरित की गई। संजय अग्रवाल, सुनीता-विनोद जायसवाल, अभय शर्मा मौजूद थे। शाम को भजन, ध्यान, आध्यात्मिक संदेश का आयोजन कर गुरुदेव श्री रविशंकर को याद किया।

# रहवासियों को मिलने वाली है बगीचे की सौगात

### 50 लाख से ज्यादा खर्चकर होगा सालों बाद क्षेत्र में नए गार्डन का निर्माण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





जोन क्रमांक 18 के अंतर्गत स्थित शासकीय अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय के पास स्थित साईं मंगल कॉलोनी के एकमात्र गार्डन में अब निगम लाखों रुपए खर्चकर यहां क्षेत्र के रहवासियों के लिए नवीन बगीचे का निर्माण करेगा। जिसके तहत कालोनी में सालों से बगीचा निर्माण के लिए खाली पड़ी भूमि पर अब आने वाले दिनों में निगम 50 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर यहां लोगों के लिए सर्व सुविधा युक्त नवीन गार्डन का निर्माण करेगा। जहां आसपास के रहवासियों को सुबह-शाम घूमने के लिए लंबा-चौड़ा पाथवे मिलेगा। साथ ही नए गार्डन में योजना के तहत सौंदर्यकरण और हरियाली के कामों के साथ बच्चों के खेलने का अलग से स्थान होगा।

**आसपास के रहवासियों को घर के पास मिलेगी घूमने की सुविधा**

बड़ी बात यह है कि शासकीय आर्टस एंड कामर्स कालेज के पास स्थित साईं मंगल कालोनी सहित आसपास के रहवासी लोगों को लंबे समय बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से नए बगीचे की सौगात मिलेगी। जिसके लिए निगम द्वारा पिछले दिनों लोगों की मांग पर सालों से उजाड़ खाली जमीन पर रहवासियों के लिए गार्डन निर्माण की फाइल को मंजूरी दी गई। जिसके बाद अब लोगों को उम्मीद जगी है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द उन्हें अपने घर के नजदीक शानदार बगीचे की सौगात मिलने वाली है।

**महिलाओं के लिए पार्क में होगी शानदार बैठक व्यवस्था -** बगीचा निर्माण के अंतर्गत इस नए बगीचे में सीनियर सिटीजन और महिलाओं के लिए वाकिंग ट्रेक के साथ शानदार बैठक व्यवस्था होगी। खूबसूरत पेड़-पौधों के बीच हरियाली और सुंदरता के लिए कई आवश्यक कार्य किए जाएंगे। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के लिए विधायक के सहयोग से आधुनिक जिम के उपकरण की सौगात भी मिलेगी। नए गार्डन में रोशनी के लिए नई लाइटिंग लगाने के साथ बच्चों के खेलने के लिए गार्डन में अलग स्थान होगा। जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए फिसल पट्टी झूले-चकरी के साथ खेल के नए आधुनिक उपकरण मिलेंगे। जहां एक जगह बड़ों से लेकर युवा और बच्चें तक सुकून के साथ परिवार सहित आनंद ले सकेंगे।

## पन्नालाल चौराहा से इंद्रेश नगर तक नई सीमेंटेड सड़क निर्माण से मिली ऊबड़-खाबड़ सड़क से निजात

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक चोपन से जुड़े पन्नालाल चौराहे से टावर वाली गली इंद्रेश नगर तक निगम द्वारा नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य से अब क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय के बाद ऊबड़-खाबड़ सड़क से निजात मिलने वाली है। साथ ही इधर दूसरी तरफ सालों बाद इसी क्षेत्र के मयूर नगर की आखिरी गली नंबर 19 में सालों बाद क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से सड़क निर्माण कार्य और विकास कार्य से क्षेत्र के मेंनरोड से भी अब सीधा जुड़ाव हो गया है।

**सालों बाद मयूर नगर की आखिरी गली में सड़क निर्माण कार्य से मैनरोड़ से हुआ जुड़ाव**

**पहले मयूर नगर क्षेत्र की एक मात्र गली से गुजरने वालों को हो रही थी परेशानी -** जबकि पहले मयूर नगर क्षेत्र की एक मात्र इस गली में लोगों को यहां से गुजरने के दौरान बड़े हिस्से में आधी अधूरी और ऊबड़-खाबड़ सड़क के कारण भारी दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जबकि अब नई सड़क निर्माण कार्य से सभी को राहत मिलने वाली है। जिसका काम इन दिनों बेहद तेजी के साथ चल रहा था। यही नहीं वर्तमान में आधी से ज्यादा सड़क निर्माण कार्य लगभग पूरा भी हो गया है।

## बिजली कंपनी के एमडी सिंह का धार, झाबुआ जिला दौरा

**धार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने कल दोपहर धार जिले के बिजली अधिकारियों की राजगढ़ बैठक लेकर समाधान योजना का अंतिम दो दिनों में अधिकतम क्रियान्वयन कर प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने, आरडीएसएस, डीए जुगा अंतर्गत शेष कार्यों को समय पर करने समेत कंपनी की अन्य प्राथमिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारी एसएल करवाड़िया, मनेन्द्र गर्ग, अमरसिंह वास्केल, नितिन चौहान मौजूद थे। वहीं एमडी ने झाबुआ जिले के कालीदेवी में बिजली वृत्त के अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने आरडीएसएस के कार्य समय पर करने, शिकायत निवारण को गंभीरता से लेने, समाधान योजना का अंतिम दो दिनों में अधिकतम लाभ दिलाकर राजस्व संग्रहित करने व अन्य प्राथमिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारी बीएस राजपूत, महेन्द्र पंवार, पंकज डाबर मौजूद थे।

## विजयश्री नगर और विजय नगर एक्सटेंशन के बीच अधूरी पुलिया निर्माण से नहीं होगी आमजन को परेशानी

### लंबे समय से अधूरी पुलिया को पूरी करने के लिए अब काम शुरू करेगा निगम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र विजयश्री नगर और विजय नगर एक्सटेंशन के बीच लंबे समय से आधी-अधूरी पुलिया निर्माण को पूरा करने के लिए निगम द्वारा एक बार फिर से प्रयास कर दोबारा काम शुरू करने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके लिए निगम ने अपनी ओर से निविदा जारी कर जल्द दोबारा शेष भाग निर्माण को लेकर प्लानिंग के साथ निविदा संबधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम यहां लंबे समय से अधूरी पुलिया का निर्माण पूरा करने के लिए लगभग 26 लाख 51 हजार से ज्यादा रुपए खर्च करेगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को



बारिश से पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाने से आने-जाने में बड़ी राहत मिलने वाली है।

**रैलिंग और रोशनी के लिए लाइटिंग लगने से अब नहीं रहेगा खतरा**

वहीं बड़ी बात यह है कि पिछले साल से विजयश्री

### बारिश से पहले निर्माण पूरा होने से वाहन चालकों को मिलेगी बड़ी राहत

नगर और विजय नगर एक्स्टेंशन से जुड़ी क्षेत्र की मुख्य पुलिया के आधे अधूरे निर्माण के कारण क्षेत्र के लोगों को आने जाने में लंबे समय से परेशानी हो रही थी। वहीं अब निगम ने क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर अधूरी पुलिया निर्माण को जल्द पूरा करने के लिए दोबारा निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी कर ली है। जिसके अंतर्गत 26 लख रुपए से ज्यादा खर्च कर पुलिया पर सुरक्षा रैलिंग लगाने के साथ आने वाले दिनों में रोशनी के लिए पुलिया पर लाइटिंग का प्रबंध भी करेगा। जिससे यहां से रात - दिन गुजरने वाले वाहन चालको एवं आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

## अग्रवाल पब्लिक स्कूल चौक से पिपलियाना चौराहे तक सालों पुरानी सीवरेज लाइन बदलेगा निगम

### सालों बाद बड़ी लाइन बदलने के लिए एक करोड़ 37 लाख से ज्यादा होंगे खर्च

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े अग्रवाल पब्लिक स्कूल चौक से लेकर पिपलिया आना चौराहे तक के बड़े हिस्से में सालों पुरानी क्षतिग्रस्त सालों पुरानी सीवरेज लाइन बदलने के लिए निगम आने वाले दिनों में बारिश से पहले जल्द काम शुरू करेगा। यही नहीं इस बड़ी लाइन को लंबे समय के बाद बदलने के लिए निगम यहां लगभग एक करोड़ 37 लख रुपए से ज्यादा खर्च करेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है।

वहीं इस काम के लिए निगम ने बकायदा टेंडर संबधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों में सालों पुरानी क्षतिग्रस्त सीवर लाइन बदलकर नई लाइन बिछाने और प्रशिक्षण कर दोबारा शुरू करने को लेकर निगम द्वारा इस काम के लिए लगभग एक करोड़ 37 लाख से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। यही नहीं इस काम के लिए क्षेत्र के रहवासी लगातार विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन से लगातार मांग कर रहे थे। जिसके बाद विधायक के प्रयासों से अब जाकर निविदा और टेंडर संबधित प्रक्रिया होने के बाद इस बात की संभावना है कि अगले माह की शुरुआत में बेहद जल्द हाथों-हाथ निगम द्वारा काम भी शुरू किया जा सकता है। जिसको लेकर भी निगम ने अपनी ओर से इस काम को शुरू करने के लिए निविदा संबधित प्रोसेस और तमाम प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके बाद अब सालों बाद क्षेत्र के रहवासियों की पुरानी मांग अब जाकर क्षेत्रिय विधायक हार्डिया और पार्षद जैन के प्रयासों से आने वाले दिनों में जल्द पूरी होने वाली है।

## संपादकीय

# पश्चिम एशिया संकट के बीच सोने पर सख्ती, क्या आर्थिक दबाव से निपटने की शुरुआत है यह बड़ा संकेत

भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन कम खर्च करने और सोना न खरीदने को कहा है। सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का फिलहाल कोई स्थायी हल नजर नहीं आने के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर अमल शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री की ओर से हाल में जनता से किए गए आग्रह के बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क छह फीसद से बढ़ाकर पंद्रह फीसद कर देने की घोषणा से की गई। इसके बाद इन कीमती धातुओं के दाम में बुधवार को भारी उछाल आया। सरकार का कहना है कि संकट के समय गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दरअसल, भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि, आभूषण कारोबारी सरकार के इस कदम से निराश हैं, लेकिन यह भी सच है कि समय रहते समुचित उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जो जटिल परिस्थितियां पैदा होंगी, उनका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, भोजन पकाने के तेल के इस्तेमाल में कमी लाने और सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया था। संदेश स्पष्ट था कि देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ना होगा। इसमें दोराय नहीं है कि किसी भी बड़े संकट से निपटने के लिए आम नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। जन भागीदारी के बिना न तो कोई योजना सफल हो पाती है और न ही संकट के दौरान आवश्यक उपायों का व्यापक स्तर पर सार्थक परिणाम सामने आता है। सोने-चांदी की खरीद नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से परे है और इसे कुछ समय के लिए सीमित कर देने से अगर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कुछ कम हो जाए, तो यह एक सार्थक पहल साबित हो सकती है। सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। जमीनी और तटीय घुसपैठ मार्गों, संगठित तंत्र और वितरण केंद्रों के रूप में काम करने वाले कारोबारियों पर नियमित नजर रखनी होगी। इससे संकट के समय गैर-जरूरी आयात में संतुलित कमी के जरिए समग्र आर्थिक स्थिरता और बाह्य क्षेत्र के विवेकपूर्ण प्रबंधन में महत्त्वपूर्ण मदद मिल सकती है। इसके अलावा भारत के विदेशी मुद्रा संसाधनों के तहत तेल, उर्वरक, औद्योगिक कच्चे माल और रक्षा जरूरतों जैसे आवश्यक आयात को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोगों से ईंधन के गैर-जरूरी इस्तेमाल को कम करने का आग्रह भी किया था और बुधवार को उन्होंने खुद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम कर दी। इसके बाद कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है। मगर इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है कि सरकारी स्तर पर यह मुहिम सिर्फ घोषणाओं तक सीमित न रहे। जनता भी तभी इन उपायों को व्यापक रूप से आत्मसात करेगी, जब जनप्रतिनिधि भी इसका हिस्सा बनेंगे। सोना-चांदी इंपोर्ट हुआ महंगा, सरकार ने क्यों बढ़ाई ड्यूटी और आपकी जेब पर कितना पड़ेगा असर? सरकार ने सोने-चांदी के इंपोर्ट पर लगने वाली ड्यूटी में बड़ा इजाफा किया है। अब विदेश से आने वाले बुलियन (सोना-चांदी) पर पहले के मुकाबले दोगुना टैक्स लगेगा। पहले इंपोर्ट पर 5प्रश बेसिक कस्टम ड्यूटी और 1% AIDC लगता था। यानी कुल 6प्रश कस्टम टैक्स बनता था। इसके ऊपर 3प्रश IGST जोड़ने के बाद कुल प्रभावी इंपोर्ट ड्यूटी 9.18प्रश पड़ती थी।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152750 | 162697 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 251000 | 297764 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# रेप केस में समझौता नहीं करने पर पीड़िता को धमकाया

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रेप पीड़िता को समझौता नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने आरोपी आमिर खान के खिलाफ वर्ष 2025 में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। मामले में आमिर जमानत से बाहर आया और फिर समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। आमिर ने बबीता चौहान के मोबाइल से कॉल लगवाकर पीड़िता को दो लाख रुपए लेकर मामला खत्म करने का प्रस्ताव दिया। पीड़िता ने समझौते से इनकार किया तो उसे श्रीमाया होटल के पास बुलाया गया जहां आमिर खान के साथ इरफान खान भी मौजूद था। दोनों ने वहां फिर समझौते के लिए दबाव बनाया और कहा कि अगर समझौता नहीं किया तो जान से मार देंगे।

# बिजली कंपनी के पेंशनरों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए समन्वय बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



मप्र विद्युत मंडल के पेंशनरों के एसोसिएशन एवं कंपनी प्रबंधन के बीच सुविधाओं में वृद्धि को लेकर समन्वय बैठक का आयोजन पोलोग्राउंड स्थित निदेशक सभागार में किया गया। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने की।

चौहान ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर अंशदायी मेडिक्लेम योजना लागू करने के बाद कंपनी क्षेत्र के हजारों पेंशनर इससे जुड़े हैं, करीब दो सौ चिकित्सा सुविधा का लाभ भी लिया हैं, इसके लाभ लेने, पंजीयन फार्म जमा करने की तारीख और बढ़ाने की हरसंभव कोशिश की जाएगी, ताकि छूटे हुए पेंशनर्स और कार्मिक लाभ ले पाए। एरियर्स के भुगतान, संगठन के लिए भवन व अन्य मांगों को लेकर पदाधिकारियों ने मांग पत्र भी सौंपा व जल्दी कार्रवाई करने की मांग की, इस पर चौहान ने कहा कि हर वाजिब मांग पर संज्ञान लेकर सुविधाओं में वृद्धि की कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त सचिव श्री तरूण उपाध्याय, पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष आरसी सोमानी, सचिव मनोज राणा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# पराली जलाने से रोका तो किसान पर डंडे और लोहे के एंगल से हमला

**इंदौर।** महूथाना इलाके में प्रदूषण और सुरक्षा के लिहाज से पराली जलाने से मना करना एक किसान को महंगा पड़ गया। आरोपियो ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि हथियारों से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, फरियादी राकेश पिता हरीराम निवासी चौरडिया, महूने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने बताया कि उनके पड़ोसी गोपाल पिता नारायण आंजना और उसका बेटा अवधेश पिता गोपाल आंजना खेत की पराली जला रहे थे। जब राकेश ने उन्हें पराली जलाने से मना किया और इससे होने वाले नुकसान व खतरे की बात कही, तो दोनों आरोपी भड़क गए। विवाद के दौरान आरोपी पिता-पुत्र ने राकेश को गालियां देना शुरू कर दिया। जब राकेश ने विरोध किया, तो गोपाल और अवधेश ने पास ही पड़े डंडे और लोहे के इंगल से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में राकेश के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# साथ बैठकर शराब पीने से मना किया तो कड़े से किया घायल

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट चोरल के पास स्थित एक ढाबे पर मारपीट की वारदात सामने आई है। यहाँ शराब पीने के दौरान शुरू हुई मामूली बहस ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपी ने फरियादी के सिर पर धातु के कड़े से प्रहार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस के अनुसार, फरियादी सचिन पिता विनोद चौहान निवासी उमरीखेड़ा, तेजाजी नगर)अपने परिचितों के साथ चोरल स्थित सैनी ढाबे के पास मौजूद था। वहां आरोपी रितेश पिता धर्मेन्द्र निवासी असरावद, तेजाजी नगर भी था। सचिन ने पुलिस को बताया कि रितेश उसे साथ बैठकर शराब पीने के लिए कह रहा था, जिसे सचिन ने मना कर दिया। मना करने की बात पर रितेश भड़क गया और सचिन को गालियां देने लगा। जब सचिन ने गाली देने से रोका, तो रितेश ने अपने हाथ में पहने हुए भारी कड़े से सचिन के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में सचिन के सिर पर तीन अलग-अलग जगहों पर गहरी चोटें आईं और खून बहने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर सचिन को बचाया। सिमरोल पुलिस ने घायल सचिन की शिकायत पर आरोपी रितेश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मानव अधिकारों पर केन्द्रित लघु फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा एनएचआरसी इंडिया शोर्ट फिल्म काम्पटिशन का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर के नागरिकों से मानव अधिकार विषय पर लघु फिल्में आमंत्रित की गई हैं। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार लघु फ़िल्म 3 से 10 मिनट की होना चाहिए।

## 3 से 10 मिनट का एक वीडियो दिला सकता है 2 लाख रुपए

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये का रखा गया है। इसके अलावा कुछ चयनित फिल्मों को विशेष सम्मान और अन्य नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली फिल्म 3 से 10 मिनट की होनी चाहिए। मानव अधिकारों पर आधारित फिल्म हिंदी या किसी भी अन्य भारतीय भाषा में बनाई जा सकती है, लेकिन उसमें अंग्रेजी सबटाइटल होना जरूरी रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी अपनी फिल्म 30 जून तक गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से भेज सकते हैं।

# प्राकृतिक गैस/पीएनजी पर लगने वाला 14 प्रतिशत वेट कम हो

## एसोसिएशन ने जीआरसी बैठक में पुन: उठाया वेट कम करने का मुद्दा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राज्य स्तरीय जीएसटी गीवांस रीड्रेसल कमेटी की बैठक सीजीएसटी कार्यालय माणिक बाग में हुई जिसमें एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता ने एसजीएसटी विभाग से प्राकृतिक गैस/पीएनजी पर लगने वाले 14 प्रतिशत वेट को अन्य राज्यो के तुलनात्मक कर यहां के उद्योग व्यवसाय को राहत प्रदान करने की अपील की। मेहता ने कहा कि पीएनजी को वेट से हटाकर जीएसटी के दायरे में लाया जावे इससे उद्योगों को लाभ होगा।



[illegible] जीएसटी से जुडे कई मुद्दे एवं सुझाव मुख्य आयुक्त के समक्ष रखें तथा उन्हें उद्योग एवं व्यापार हित में समाधान करने का अनुरोध किया गया। मेहता ने जीएसटी कंप्लायंस रेटिंग मैकेनिज्म को लागू करने, रूल 86बी का पालन न करने के कारण हो रही परेशानी, जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9सी में बदलाव का प्रोविजन लाने, समय बाधित अपीलों को नियमित करने व एक बार की राहत देने, इनवर्टेड ड्यूटी संरचना के कारण इनपुट टैक्स क्रेडिट संचय नियम में संशोधन करने जैसे प्रभावी मुद्दो पर चर्चा की गई। बैठक में उद्योग एवं व्यापार से जुडे करदाताओं व कर सलाहकारों से जीएसटी के मुद्दो पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अधिकारी मानस रंजन मोहंती, प्रतुल तिवारी, अनय द्विवेदी की मौजूदगी में यह बैठक हुई। बैठक में तकनीकी, नीतिगत एवं व्यवहारिक समस्याओं को भी रखा गया। जिसमें रेटिंग सिस्टम लाने का मुद्दा पुनः उठाया गया, जीएसटी रिटर्न भरने की प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने और जीएसटी पोर्टल, आईटीसी रिवर्सल जैसे मुद्दे भी रखे गये। मुख्य आयुक्त ने सदस्यों से कहा कि जो मुद्दे ग्रीवांस रीड्रेसल कमेटी के क्षेत्राधिकार में है उनका निराकरण और सुनवाई की जायेगी वही जीएसटी कॉन्सील से जुडे सुझाव एवं समस्याओं को उन्हें प्रेषित किया जायेगा। बैठक में अमित दवे, अश्विन लाखोटिया, रमेश खंडेलवाल, सुनील जैन, केदार हेडा, प्रतिक अग्रवाल, आदित्य श्रीवास्तव, जितेन्द्र चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

### दिलीप तिर्की का बड़ा बयान

# 'फायर नहीं हुए', पीआर श्रीजेश के आरोपों पर हॉकी इंडिया का जवाब

नई दिल्ली।एजेंसी। भारतीय हॉकी के दिग्गज गोलकीपर और दो बार ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले पीआर श्रीजेश और हॉकी इंडिया के बीच बड़ा विवाद सामने आया है। जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच पद से हटाए जाने के आरोपों के बाद अब हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने पूरी स्थिति साफ की है।




दिलीप तिर्की ने बुधवार को बयान जारी करते हुए कहा कि श्रीजेश को 'फायर' नहीं किया गया। उनका कोचिंग कार्यकाल दिसंबर 2025 में कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक समाप्त हुआ था। इसके बाद नए कोच की नियुक्ति के लिए नियमित प्रक्रिया अपनाई गई।

तिर्की ने कहा कि हॉकी इंडिया ने पद का विज्ञापन जारी किया, उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग हुई और मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने बताया कि एक अनुभवी और योग्य कोच को चुना गया है, जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी।

इस पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब श्रीजेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबी पोस्ट लिखकर दावा किया कि उन्हें विदेशी कोच के लिए रास्ता बनाने की वजह से हटाया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया कि सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन जूनियर टीम के लिए विदेशी कोच चाहते हैं ताकि जूनियर से लेकर सीनियर स्तर तक एक जैसी प्रणाली विकसित की जा सके।

हालांकि, दिलीप तिर्की ने इस दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कभी भी श्रीजेश को यह नहीं बताया गया कि किसी विदेशी कोच को प्राथमिकता दी जा रही है। तिर्की के मुताबिक हॉकी इंडिया का पूरा फोकस 2036 ओलंपिक विजन पर है और भारतीय कोचों को तैयार करना इस योजना का अहम हिस्सा है।

हॉकी इंडिया अध्यक्ष ने यह भी खुलासा किया कि श्रीजेश को डेवलपमेंट टीम का कोच बनने का प्रस्ताव दिया गया था। यह टीम लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक और अगले ओलंपिक साइकि की तैयारी में अहम भूमिका निभाने वाली थी।

तिर्की ने कहा कि इस पद से श्रीजेश को और अनुभव तथा एक्सपोजर मिलता, लेकिन उन्होंने यह ऑफर स्वीकार नहीं किया। यहां तक कि उन्हें अपने फैसले पर दोबारा विचार करने को भी कहा गया था।

हॉकी इंडिया ने भारतीय कोचिंग सिस्टम को मजबूत करने का भी दावा किया। तिर्की ने बताया कि संगठन के कोचिंग पाथवे प्रोग्राम के जरिए अब तक 600 से ज्यादा भारतीय कोचों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। साथ ही भारतीय कोचों को ट्रेनिंग कैंप में मुख्य कोचों के साथ काम करने का मौका भी दिया जा रहा है ताकि उनका अनुभव बढ़ सके।

दूसरी ओर, श्रीजेश ने अपने कार्यकाल का रिकॉर्ड भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में जूनियर टीम ने 5 टूर्नामेंट खेले और सभी में पोडियम फिनिश हासिल की। इसमें 2025 जूनियर वर्ल्ड कप का ब्रॉन्ज मेडल भी शामिल था, जो चेन्नई और मदुरै में आयोजित हुआ था। श्रीजेश ने भावुक अंदाज में लिखा कि आमतौर पर कोच खराब प्रदर्शन के बाद हटाए जाते हैं, लेकिन उनके साथ पहली बार ऐसा हुआ जब अच्छे नतीजों के बावजूद विदेशी कोच के लिए जगह बनाई जा रही है।

विवाद के बीच हॉकी इंडिया ने साफ किया कि संगठन श्रीजेश का सम्मान करता है और उन्हें भारतीय हॉकी का लीजेंड मानता है। तिर्की ने कहा कि हॉकी इंडिया भविष्य में भी श्रीजेश की सफलता की कामना करता है।

# इंग्लैंड मैन्स क्रिकेट टीम की कोच बनी सारा टेलर

### न्यूजीलैंड सीरीज से पहले ऐतिहासिक फैसला

गुरुवार.एजेंसी। इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर सारा टेलर न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में पुरुष टीम की फील्डिंग कोच बनेंगी। वह इंग्लैंड पुरुष टीम के साथ काम करने वाली पहली महिला कोच होंगी।

सारा टेलर अब इंग्लैंड की सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के साथ काम करने वाली पहली महिला कोच बनने जा रही हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए शॉर्ट-टर्म फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है। यह फैसला केवल इंग्लैंड क्रिकेट के लिए ही नहीं। बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट के लिए एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। सारा टेलर को दुनिया की बेहतरीन विकेटकीपर्स में गिना जाता है। उन्होंने अपने करियर में शानदार प्रदर्शन से लाखों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीता। अब वही अनुभव वह इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाड़ियों के साथ साझा करेंगी। नियमित फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिंसन आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ व्यस्त हैं। जिसके कारण यह जिम्मेदारी सारा टेलर को सौंपी गई है।



सारा टेलर इससे पहले भी कई टीमों के साथ कोचिंग कर चुकी हैं। उन्होंने ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स जैसी टीमों के साथ काम किया है। इसके अलावा इंग्लैंड लायंस टीम के साथ भी उन्होंने पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाई थी। उनके अनुभव और क्रिकेट की गहरी समझ को देखते हुए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने उन पर भरोसा जताया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में इंग्लैंड की खराब फील्डिंग टीम के लिए बड़ी समस्या बनी थी। खिलाड़ियों ने कई आसान कैच छोड़े। जिसका असर मैच के नतीजों पर भी पड़ा। टीम की लगातार आलोचना हो रही थी कि बिना मजबूत फील्डिंग रणनीति के मैदान में उतरना भारी पड़ रहा है। इन्हीं कमियों को दूर करने के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने फील्डिंग विभाग को और मजबूत करने का फैसला किया।

# कुलदीप गेही, वेद पाण्डे एवं सृजन के उम्दा प्रदर्शन से एमवायसीसी फायनल में

इंदौर। आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत सीसीआय एवं एमवायसीसी के मध्य सेमीफायनल मैच खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाये । कुलदीप गेही ने शानदार 50 रनों का योगदान दिया। नचिकेत व कार्तिक ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय की टीम 18 ओवरो में सभी विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी और यह मैच 15 रनों से हार गई । इस तरह एमवायसीसी ने फायनल में प्रवेश किया । अर्पित पटेल ने सर्वाधिक 37 रन बनाये। वेद पाण्डे ने 21 रन देकर 4 विकेट, सृजन दयात ने 15 रन देकर 3 विकेट तथा चन्द्रशेखर मण्डलोई ने 2 विकेट लिये।









# मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो। 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। प्रत्येक पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। किसी एक कार्यक्षेत्र में एक से अधिक शासकीय सेवक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि समान रूप से वितरित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई 2026 किये जा सकेंगे।

# कोहली के नाबाद शतक से जीता आरसीबी

## केकेआर को मिली 6 विकेट से हार

**गुरुवार.एजेंसी।** आईपीएल 2026 का 57वां मैच आरसीबी और केकेआर के बीच खेला गया। इस मैच में आरसीबी को जीत मिली और इस टीम ने अंकतालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। आरसीबी की इस जीत के हीरो कोहली रहे जिन्होंने नाबाद शतकीय पारी खेली।

आरसीबी ने केकेआर को विराट कोहली की नाबाद शतकीय पारी के दम पर 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच से पहले कोहली पिछले दो मुकाबलों में डक पर आउट हो गए थे, लेकिन उन्होंने कमाल की वापसी की और नाबाद शतक लगाते हुए अपनी टीम को आसान जीत दिला दी। आरसीबी की ये लगातार दूसरी जीत रही तो वहीं केकेआर की पिछली 4 जीत का सिलसिला यहां टूट गया। विराट कोहली को उनकी नाबाद शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 57वां मुकाबला रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। बारिश के कारण इस मैच में टॉस 8.30 बजे किया गया और आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। केकेआर ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर अंगकृष रघुवंशी की अर्धशतकीय पारी के दम पर 192 रन बनाए और आरसीबी को जीत के लिए 193 का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में आरसीबी ने 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 194 रन बनाकर




मैच जीत लिया।

जैकब बेथेल 15 रन के स्कोर पर आउट हो गए तो वहीं कोहली ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जबकि उन्होंने अपना शतक 58 गेंदों पर लगाया। कोहली का इस सीजन में ये पहला शतक रहा और वो 60 गेंदों पर 105 रन बनाकर नाबाद रहे। देवदत्त पडीक्कल 39 रन के स्कोर पर आउट हो गए। रजत पाटीदार ने 11 रन की पारी खेली और टिम डेविड 2 रन के स्कोर पर कैच आउट हो गए। केकेआर के लिए कार्तिक त्यागी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

### रहाणे ने खेली 19 रन की पारी, रघुवंशी का अर्धशतक

केकेआर के कप्तान व ओपनर अजिंक्य रहाणे ने आरसीबी के खिलाफ 19 रन की पारी खेली जबकि फिल एलन ने 18 रन की पारी खेली। कैमरन ग्रीन ने 32 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा दिया। अंगकृष रघुवंशी ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और 71 रन की पारी खेली जबकि रिंकू सिंह 49 रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए भुवी, हेजलवुड और रसिख सलाम ने एक-एक विकेट लिए।

### आरसीबी-केकेआर ने किए एक-एक बदलाव

आरसीबी ने एक बदलाव करते हुए रोमारियो शेफर्ड की जगह वेंकटेश अय्यर को मौका दिया जबकि केकेआर ने भी एक बदलाव किया और वरुण चक्रवर्ती की जगह प्लेइंग 11 में सौरव दुबे को शामिल किया गया।

### आरसीबी की प्लेइंग 11

जैकब बेथेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, वेंकटेश अय्यर, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम डार, जैकब डफी, जोश हेजलवुड।

इम्पैक्च प्लेयर-देवदत्त पडिक्कल, जॉर्डन कॉक्स, मंगेश यादव, रोमारियो शेफर्ड, स्वप्निल सिंह।

### केकेआर की प्लेइंग 11

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), फिन एलन, कैमरन ग्रीन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी। इम्पैक्ट प्लेयर-सौरभ दुबे, रमनदीप सिंह, तेजस्वी दहिया, नवदीप सैनी, टिम सीफर्ट।

# वार्षिक समर बैडमिंटन कोचिंग कैम्प का शुभारंभ

**इंदौर।** इंदौर जिला बैडमिंटन संघ (आईडीबीए) द्वारा आयोजित 46वां वार्षिक समर बैडमिंटन कोचिंग कैम्प 2026 का जिला बैडमिंटन हॉल, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदौर में भव्य शुभारंभ किया गया।

डॉ. भंडारी ने अपने उद्बोधन में युवा खिलाड़ियों को अनुशासन, लगन और खेल भावना का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारने और मध्य प्रदेश एवं देश के लिए भविष्य के चैंपियन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 29 मई तक चलने वाले इस 22 दिवसीय शिविर



में इंदौर जिले के उभरते खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आईडीबीए के अनुभवी प्रशिक्षक खिलाड़ियों को तकनीक, फिटनेस और मैच टेम्परामेंट का पेशेवर प्रशिक्षण देंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. अनिल भंडारी द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शिविर की आधिकारिक टी-शर्ट वितरित की गईं। टी-शर्ट प्राप्त कर एवं मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक शब्दों से खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा गया। नैय्यर ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ऐसी प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें तराशना है जो भविष्य में इंदौर का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकें। समारोह में आईडीबीए के प्रशिक्षकगण, अभिभावक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इंदौर जिला बैडमिंटन संघ पिछले 46 वर्षों से यह समर कैम्प आयोजित कर रहा है और यहां से कई राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले हैं।

# मां कनकेश्वरी क्लब चैम्पियन



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमकेसीसी द्वारा आयोजित एवं संस्था बरगद द्वारा प्रायोजित संस्था बरगद अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं जय गिरनारी क्लब के मध्य फायनल मैच खेला गया जिसमें जय गिरनारी क्लब ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 51 ओवरो में सभी विकेट खोकर 176 रन बनाये। सचिन जांगिड ने सर्वाधिक 82 रन बनाये । मोहनिश पाटीदार ने घातक गेदबाजी करते हुए 36 रन देकर 6 विकेट एवं अंश यादव ने 2 विकेट लिये । जवाब में एमकेसीसी की टीम ने अपपनी पहली पारी में 59 ओवरो में सभी विकेट खोकर 229 रन बनाकर 53 रनों की महत्वपूर्ण बढत हासिल की । वर्चस्व मुंगड ने 46 रन, अभियुग प्रजापति ने 45 रन एवं हर्षित पाटीदार व दीपांशु भीटे ने 35-35 रन बनाये। विवेक गौर ने 5 विकेट तथा जसपाल व शशांक ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में मैच खत्म होने तक जय गिरनारी क्लब ने 21 ओवरो में 5 विकेट पर 75 रन बना लिये थे । शिवराज पंवार ने 4 विकेट लिये। अम्पायरों द्वारा पहली पारी की बढत के आधार पर मां कनकेश्वरी क्लब को विजेता घोषित किया । मां कनकेश्वरी क्लब की इस खिताबी सफलता पर आईडीसीए के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, चैयरमैन संजय लुणावत, पूर्व सचिव अमिताभ विजयर्गीय, कोषाध्यक्ष सुबोध गुप्ता, उपाध्यक्ष विरेन्द्र यादव, सहसचिव आनंद शिन्दे एवं संदीप चौधरी तथा आईडीसीए के मैनेजर क्रिकेट ऑपरेशन सुधीर रसाल एवं जयंत वानखेडे द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# त्रिशिर, विहान, अराध्या, साहयाद्री फाइनल में

**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही प्योराषोर ऑल इण्डिया ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले सेमीफाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेष के त्रिशिर धवन, विहान नवाब बालक वर्ग से तथा महाराष्ट्र की अराध्या पाटिल एवं गुजरात की साहयाद्री चावड़ा बालिका वर्ग 14 वर्ष आयु के बीच एकल फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। स्पर्धा का फाइनल मुकाबला आज 4.30 बजे से खेला जाएगा।






बालक वर्ग-14 वर्ष आयु के एकल सेमीफाइनल में त्रिशिर धवन (म.प्र.) ने ॠगवेद मालसे (म.प्र.) 6-2, 6-0 से तथा विहान नवाब (म.प्र.) ने रूहान तलरेजा (म.प्र.) 7-5, 6-2 से हराया।

बालिका वर्ग-14 वर्ष आयु के एकल सेमीफाइनल में अराध्या पाटिल (महा.) ने ऐशवी जैन (म.प्र.) 6-2, 6-2

साहयाद्री चावड़ा (गुज.) ने प्रांशी पटेल (गुज.) 7-5, 6-2 को हराया।

बालक वर्ग-14 वर्ष आयु के युगल सेमीफाइनल के त्रिशिर धवन-विहान नवाब ने विहान सावरे-षौर्य सूद को 6-1, 6-2 से तथा ओजस मिश्रा-ॠगवेद मालसे ने अदविक गुरू-रूहान तलरेजा को 2-6, 6-4, 11-9 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

बालिका वर्ग-14 वर्ष आयु के युगल सेमीफाइनल में ऐशवी जैन-साहयाद्री चावड़ा ने वेदेही शर्मा-अराध्या पाटिल को 6-2, 6-3 से तथा आर्या गोयल-अनवी सोनी ने शाषवी अरोरा-मायरा सिंह को 6-3, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

# विवाद, हूटिंग और फ्लॉप सफर, क्या हार्दिक पंड्या अब MI को कहेंगे अलविदा?

**नई दिल्ली.एजेंसी।** IPL में रिश्ते सिर्फ रन और ट्रॉफी से नहीं चलतेष्ठ ड्रेसिंग रूम की हवा बदलते ही सबसे मजबूत साझेदारियां भी टूट जाती हैं. और अब ऐसा लगने लगा है कि हार्दिक पंड्या और मुंबई इंडियंस (श्ल्स्मि घ्र्ह्रिहे) की कहानी भी उसी मोड़ पर पहुंच चुकी है, जहां साथ रहना शायद दोनों के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है.

हार्दिक कोई साधारण क्रिकेटर नहीं हैं. उनका खेल जितना विस्फोटक है, व्यक्तित्व भी उतना ही बड़ा है. आत्मविश्वास, आक्रामकता, स्टार ऑराष्ठ ये सब उन्हें भारत का नंबर-1 ऑलराउंडर बनाते हैं. लेकिन घ्झ्ट में हर बड़ी पर्सनैलिटी हर सिस्टम में फिट नहीं बैठती. खासकर तब, जब टीम में पहले से कई सुपरस्टार हों और हर खिलाड़ी अपनी अलग विरासत लेकर चलता




हो.

तीन सीजन गुजर चुके हैं... लेकिन मुंबई और हार्दिक की साझेदारी ने ऐसा कुछ नहीं दिया, जिसे श्ध् फैन्स लंबे समय तक याद रखना चाहें. एक प्लेऑफ एंट्रीष्ठ वो भी जैसे-तैसे. बाकी दो सीजन निराशा, अस्थिरता और लगातार गिरते स्तर की कहानी बनकर रह गए.

यही वो फ्रेंचाइजी है, जिसने कभी नामुमकिन मैच जीतकर इतिहास लिखे थे. 2014 में शुरुआती 5 मैच हारने के बाद प्लेऑफ में पहुंचनाष्ठ 2017 फाइनल में आखिरी ओवर में 11 रन बचानाष्ठ 2019 में आखिरी गेंद पर 1 रन डिफेंड करना. श्ध् की पहचान ही दबाव में चमत्कार करने वाली टीम की रही है. लेकिन अब हालत ऐसी है कि टीम पूरे सीजन में एक भी 'मुंबई वाला' मैच नहीं दे पा रही. इस गिरावट के अकेले जिम्मेदार हार्दिक नहीं हैं. सूर्यकुमार यादव का फीका सीजन, जसप्रीत बुमराह की विकेट लेने की धार कम होना और रोहित शर्मा का कई मैच मिस करनाष्ठ सबने असर डाला. लेकिन कप्तान के तौर पर हार्दिक भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए. कई बार ऐसा लगा कि टीम दिशा खो चुकी है और मैदान पर बॉडी लैंग्वेज तक बिखरी हुई है.

# नशे में धुत चालक ने जवाहर मार्ग पर दौड़ाया ट्राला

## बड़ा हादसा टला, बम्बई बाजार पर पुलिस ने स्टापर लगाकर जैसे-तैसे रोका, रात को लग गया मजमा, लोगों ने गंगवाल से किया ट्राले का पीछा, घेरकर पीटा, कपड़े भी फाड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क़ल रात गंगवाल बस स्टेन्ड पर चैकिंग के दौरान रोका गया एक 16 चक्का ट्राला राजमोहल्ला चौराहा होते हुए जवाहर मार्ग जा पहुंचा। नशे में धुत चालक को लोगों ने रोकने की कोशिश भी की लेकिन वह नहीं हुआ। इधर पुलिस ने बम्बई बाजार पर स्टापर्स लगाकर जैसे-तैसे ट्राला रोका। गनीमत रही कि इससे कोई हताहत नहीं हुआ।

गंगवाल बस स्टेन्ड पर छत्रीपुरा पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उपनिरीक्षक विन्नी मैथ्यू और उनकी टीम नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान चंदन नगर की ओर से आ रहे ट्रक एचआर-55 एक्यू 8141 को जांच के लिए रोका गया। जब ड्राइवर का ब्रीथ एनालाइजर से टेस्ट किया गया, तो उसके अत्यधिक नशे में होने



की पुष्टि हुई। जैसे ही पुलिस ने नशे में धुत ड्राइवर को गाड़ी किनारे लगाने का निर्देश दिया, वह पुलिस को चकमा देकर ट्रक को तेज गति और लापरवाही से भगा ले गया। भीड़भाड़ वाले इलाके में ट्रक के इस तरह भागने से भगदड़ की स्थिति बन गई। छत्रीपुरा पुलिस ने तत्काल इसका पीछा किया और वायरलेस पर सूचना प्रसारित की। सूचना मिलते ही आगे चेकिंग पर तैनात पंढरीनाथ थाना पुलिस ने मोर्चा संभाला। पंढरीनाथ पुलिस द्वारा बम्बई बाजार पर चैकिंग पाइंट लगाया गया था। पुलिस ने बहादुरी दिखाते हुए सडक पर स्टापर्स लगाए और ट्राले की घेराबंदी की। चालक ने जैसे ही ट्राला रोका पुलिस के साथ कुछ ट्राले पर चढ़ गए और चालक की खातिरदारी शुरू की। यदि पुलिस समय रहते सक्रियता नहीं दिखाती, तो तेज रफ्तार ट्रक किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकता था। पुलिस ने आरोपी ड्रायवर वेदप्रकाश तिवारी (45) निवासी जिला मोतिहारी, बिहार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### कांच पर दे मारी ईंट



इधर चालक ने जैसे ही ट्राला रोका चारों ओर भीड़ जमा हो गई। भीड़ में से कुछ युवक ट्राले पर चढ़ गए तो एक ने ईट उठाकर ट्राले के कांच पर दे मारी जिससे कांच फूट गया। सूत्रों के मुताबिक गुस्साई भीड़ ने जमकर धुनाई की, उसके कपड़े तक फाड़ दिए। पुलिस अर्धनग्न अवस्था में उसे थाना लेकर पहुंची।

### सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

घटना का सोशल मीडिया वीडियो तेजी से वायरल हुआ। मौके पर मौजूद भीड़ ने भी पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया। इधर सोशल मीडिया पर इस मामले को देखकर लोगों को बड़ा गणपति पर हुआ ट्रक हादसा याद आ गया। यही कारण था कि जैसे ही ट्राला रुका आक्रोषित भीड़ ट्राले पर टूट पड़ी। इधर अफवाह भी फैल गई कि ट्राले ने कुछ लोगों को टक्कर भी मारी है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# शराब माफियाओं पर शिकंजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आबकारी विभाग के अधिकारी देवेश चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में देपालपुर वृत्त में अधिकारी भगवानदास अहिरवार और उनकी टीम ने ग्राम अटावदा, अजंदा, गिट्टी खदान रावद, शिवगढ़ तथा दौलताबाद फाटा सहित विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान लगभग 255 पाव देसी मदिरा एवं 24 बीयर कैन विदेशी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा का कुल बाजार मूल्य लगभग 22 हजार 500 रुपए बताया गया है। आबकारी विभाग ने आरोपी अजय पिता गुलाबसिंह, रवि पिता रामलाल, रंजीत पिता धन्नालाल, गणेश पिता प्रभुलाल, मोहन पिता राजाराम एवं कमल पिता नवलसिंह के विरुद्ध आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। इस कार्रवाई में विभाग के राशि सोलट, रवींद्र कुमार बघेल, सावन सिसोदिया एवं वाहन चालक मनोज सोलंकी का भी सराहनीय योगदान रहा।



# रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष दो भाइयों को धारदार हथियार और हॉकी से किया घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**देपालपुर थाना क्षेत्र में विवादित रास्ते से वाहन निकालने की बात पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सांवेर क्षेत्र से आए आधा दर्जन आरोपियो ने स्थानीय किसान और उसके भाई पर हमला बोल दिया। हमले में घायल हुए एक भाई के सिर में गंभीर चोट आई है।**

पुलिस के अनुसार, घटना ग्राम उजालिया की है। फरियादी राजेन्द्र सिंह पिता बाबू सिंह पंवार के घर के सामने एक विवादित रास्ता है। आरोपी अनमोल वहां से अपना ट्रैक्टर निकाल रहा था, जिसे फरियादी के भाई जितेन्द्र ने मना किया। जितेन्द्र का कहना था कि रास्ता विवादित है, इसलिए यहां से वाहन न निकाला जाए। इसी बात से नाराज होकर अनमोल ने अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में आरोपी इन्दर सिंह, राजेन्द्र सिंह, अनमोल, युवराज और अजय सभी निवासी ग्राम चित्तौड़ा, थाना सांवेर एकमत होकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी राजेन्द्र ने किसी नुकीले हथियार से जितेन्द्र के सिर पर वार कर दिया। वहीं, आरोपी इन्दर सिंह ने हॉकी और युवराज ने डंडे से हमला बोला, जिससे फरियादी राजेन्द्र सिंह के हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आईं। बाकी आरोपियों ने भी लात-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। देपालपुर पुलिस ने फरियादी राजेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर पांचों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# संपत्ति के लालच में बेटे ने पिता को डंडे से पीटा

## घर का हिस्सा न मिलने पर दी जान से मारने की धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सिमरोल थाना क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे ने महज मकान के हिस्से के लिए अपने पिता पर डंडे से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। बुजुर्ग पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार, फरियादी खुमानसिंह पिता चेनसिंह वास्कले (50) निवासी ग्राम गाजिन्दा ने थाने पहुँचकर अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। खुमानसिंह ने बताया कि उनका बेटा अनिल उर्फ कालू घर में बिना किसी कारण के गाली-गलौज कर रहा था। जब पिता ने उसे मर्यादित रहने और गालियां न देने की सलाह दी, तो वह हिंसक हो उठा। विवाद के दौरान अनिल ने पास ही पड़ा बांस का डंडा उठाया और अपने पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में खुमानसिंह के सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपी चिल्ला रहा था कि यदि उसे कच्चे मकान का पूरा हिस्सा नहीं दिया गया, तो वह अपने पिता को जान से खत्म कर देगा। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला।

# राधाकृष्ण मंदिर में चोरी, अज्ञात बदमाश दान पेटी ले उड़ा

**इंदौर।** शहर के ग्रामीण इलाकों में सक्रिय चोर गिरोह ने अब मंदिरों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम नई आबादी व्यासखेड़ी का है, जहाँ एक प्राचीन मंदिर से दान राशि चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की है। फरियादी विनोद पिता रामचन्द्र दुबे, निवासी ग्राम व्यासखेड़ी नई आबादी ने पुलिस को बताया कि गाँव के राधाकृष्ण मंदिर में चोरी की वारदात हुई है। देर रात जब मंदिर में कोई नहीं था, तब अज्ञात बदमाश मंदिर के भीतर दाखिल हुआ और वहां रखी दान पेटी चुराकर ले गया। फरियादी विनोद के अनुसार, मंदिर की दान पेटी काफी समय से खोली नहीं गई थी और अनुमान है कि उसमें श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई करीब 10,000 रुपये की नकदी मौजूद थी। सुबह जब ग्रामीण मंदिर पहुँचे, तब उन्हें दान पेटी गायब मिली, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। क्षिप्रा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# डिप्रेशन के चलते युवक ने एसिड पीकर दी जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा एसिड पीकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। डिप्रेशन के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।पुलिस अब उन कारणों की तलाश कर रही है जिसकी वजह से मृतक तनाव में था। मृतक की पहचान आलोक पिता स्वामी शरण (40), निवासी आईटी पार्क के पास, भंवरकुआं के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आलोक ने घर में रखा एसिड गटक लिया था, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों को जब इसकी भनक लगी, तो वे उसे तुरंत अस्पताल लेकर भागे, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।